राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात,संस्करण शनिवार, 20 अगस्त 2022 वर्ष–5,अंक–203 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई से अहमदाबाद के बीच चल सकती हैं तीसरी वंदेभारत ट्रेन, 15 सिंतबर तक पूरा हो सकता हैं ट्रायल

**नई दिल्ली ।** भारतीय रेलवे की तीसरी वंदेभारत ट्रेन का ट्रायल मोहाली और साहनेवाल के बीच शुरू हो गया है। 15 सितंबर तक ट्रेन के सभी तरह के ट्रायल पूरे होने की संभावना है। इस ट्रेन को अक्टूबर तक चलाने की तैयारी है। नई वंदेभारत को मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलाया जा सकता है। रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार ट्रायल पूरा होने के बाद सीआरएस के लीयरेंस मिलेगा। इस प्रकिया के भी समय पर पूरा होने की संभावना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार चूंकि सितंबर के अंत और अक्टूबर के पहले सप्ताह में देशभर में उत्सव की धूम रहेगी। नवरात्र, दुर्गापूजा और गरबा सभी उत्सव इस बीच होने हैं, इसकारण रेलवे की कोशिश है कि नई वंदेभारत को इस दौरान शुरू किया जाए। मुंबई से अहमदाबाद सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदेभारत चलाई जा सकती है। दोनों शहरों के बीच रोजाना चलने वाले यात्रियों की संख्या खूब है। दोनों व्यावसायिक शहरों के बीच सुबह जाकर शाम को वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते इस रूट पर चलाया जा सकता है। हालांकि अभी रेलवे मंत्रालय ने इस संबंध में फैसला नहीं लिया है, लेकिन संभावित रूटों पर मंथन चल रहा है। जल्द ही इसपर फैसला होगा। अगले कुछ दिनों तक यहां पर ट्रेन का 90 किमी प्रति घंटे से लेकर 120 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रायल किया जाएगा। इसके बाद राजस्थान में 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रायल किया जाएगा।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर संदिग्ध उग्रवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़, जवान हुआ घायल

**अगरतला ।** त्रिपुरा के कंचनपुर अनुमंडल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) के संदिग्ध उग्रवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा का एक जवान गंभीर रूप से घायल हुआ है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल जवान की पहचान बीएसएफ की 145वीं बटालियन के गिरिजेश कुमार के रूप में हुई है, जिन्हें इलाज के लिए अगरतला ले जाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, बीएसएफ की एक टीम कंचनपुर अनुमंडल के सीमा-II चौकी इलाके में एक अभियान पर थी, तभी बांग्लादेश की ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया, भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों के समूह ने बांग्लादेश के रंगमती पर्वतीय जिले के जुपुई इलाके से बीएसएफ जवानों पर गोलीबारी की। जवानों ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा, मुठभेड़ के दौरान बीएसएफ के जवान को चार गोलियां लगीं। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ की तरफ से समन्वित जवाबी कार्रवाई के कारण उग्रवादी ज्यादा नुकसान नहीं कर सके। उन्होंने कहा, घटना के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में अभियान भी तेज कर दिया गया है।

### एनसीबी के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े को ट्विटर पर मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली ।** मुंबई के एक क्रूज पर एंटी-ड्रग्स एजेंसी के हाई-प्रोफाइल छापे के बाद सुर्खियों में आए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े को कथित तौर पर सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली। 'अमन' नाम के एक ट्विटर हैंडल ने 14 अगस्त को समीर वानखेड़े को मैसेज किया। मैसेज में व्यक्ति ने लिखा, 'तुमको पता है तुमने क्या किया है, इसका हिसाब तुम्हें देना पड़ेगा। एक अन्य संदेश में कहा गया, 'तुमको खत्म कर देंगे।' इसके बाद समीर वानखेड़े ने गोरेगांव पुलिस से संपर्क किया और वे प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में हैं। वानखेड़े का बयान कल दर्ज किया गया था। पुलिस सूत्रों ने कहा कि इस अकाउंट के जीरो फॉलोअर्स थे और माना जा रहा है कि इसे वानखेड़े को धमकी देने के लिए बनाया गया था। एनसीबी के मुंबई कार्यालय के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक वानखेड़े अक्टूबर 2021 में मुंबई के एक क्रूज पर एंटी-ड्रग्स एजेंसी के हाई-प्रोफाइल छापे के बाद सुर्खियों में आए थे, जिसके बाद एजेंसी ने अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और 19 अन्य को गिरफ्तार किया था। और कुछ नशीले पदार्थों को भी जब्त करने का दावा किया। एनसीबी ने बाद में आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी थी।

# गोवा देश का पहला राज्य बना जिसका हर घर जल सर्टिफाई : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में हर घर जल उत्सव को संबोधित करते कहा कि गोवा देश का पहला राज्य बना जिसका हर घर जल सर्टिफाई हो गया। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने के लिए उतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती, लेकिन देश बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। हम सभी ने देश बनाने का रास्ता चुना है, इसलिए देश की वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का लगातार समाधान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश के 10 करोड़ ग्रामीण परिवार पाइप से स्वच्छ पानी की सुविधा से जुड़ चुके हैं। ये घर जल पहुंचाने की सरकार के अभियान की एक बड़ी सफलता है। ये सबका प्रयास का एक बेहतरीन उदाहरण भी है। देश ने और विशेषकर गोवा ने आज एक उपलब्धि हासिल की है। आज गोवा देश का पहला राज्य बना है, जिसे हर घर जल सर्टिफाई किया गया है। दादरा नगर हवेली एवं दमन और दीव भी, हर घर जल सर्टिफाइड केंद्र शासित राज्य बन गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में अब रामसर साइट्स यानि वेटलैंड्स की संख्या भी बढ़कर 75 हो गई है। इनमें से भी 50 साइट्स पिछले 8 वर्षों में ही जोड़ी गई हैं। यानि वॉटर सिक्योरिटी के लिए भारत चौतरफा प्रयास कर रहा है और इसके हर दिशा में नतीजे भी मिल रहे हैं। केवल 3 साल के भीतर जल जीवन मिशन के तहत 7 करोड़ ग्रामीण परिवारों को पाइप के पानी की सुविधा से जोड़ा गया है। ये कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। आजादी के 7 दशकों में देश के सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास ही पाइप से पानी की सुविधा उपलब्ध थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की तीसरी उपलब्धि स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ी है। कुछ साल पहले सभी देशवासियों के प्रयासों से, देश खुले में शौच से मुक्त घोषित हुआ था। इसके बाद हमने संकल्प लिया था कि गांवों को ओडीएफ प्लस बनाएंगे। इसको लेकर भी देश ने अहम माइलस्टोन हासिल किया है। अब देश के अलग-अलग राज्यों के एक लाख से ज्यादा गांव ओडीएफ प्लस हो चुके हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि देशभर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम है। सभी देशवासियों को, दुनिया भर में फैले भगवान श्री कृष्ण के भक्तों को बहुत-बहुत बधाई है। आज मैं सभी देशवासियों के साथ देश की तीन बड़ी उपलब्धियों को साझा करना चाहता हूं। भारत की इन उपलब्धियों के बारे में जानकर हर देशवासी को बहुत गर्व होगा। अमृतकाल में भारत जिन विशाल लक्ष्यों पर काम कर रहा है, उससे जुड़े तीन अहम पड़ाव हमने आज पार किए हैं।



## देश भर के मंदिरों में जन्माष्टमी की तैयारियां

### मथुरा में भी उमड़ी भक्तों की भीड़

#### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली ।**

देश भर के मंदिरों में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। जन्माष्टमी समारोह गुरुवार देर शाम से शुरू होने के साथ ही मथुरा में मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा है। इस पावन पर्व पर शहर के मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। पूरे शहर और मंदिरों में जय श्री कृष्ण के जयकारे पूरे गूंज रहे हैं। देशभर के कृष्ण मंदिरों में भक्तों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। मुंबई में इस्कॉन मंदिर में लोगों का जमावड़ा लगने लगा है। नोएडा के इस्कॉन मंदिर में सुबह की आरती देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं केरल के कोझीकोड में बच्चों के साथ भक्तों ने एक जुलूस में हिस्सा लिया, जिसे कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकाला गया था। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि यह हमें अपने विचारों, शब्दों और कार्यों में पुण्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं में कल्याण और पुण्य का संदेश शामिल था। उन्होंने निष्काम कर्म की अवधारणा का प्रचार किया और लोगों को धर्म के मार्ग के माध्यम से परम सत्य की प्राप्ति के बारे में बताया। मैं प्रार्थना करती हूं कि यह त्योहार जन्माष्टमी हमें अपने विचारों, शब्दों और कार्यों में सद्गुण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। जन्माष्टमी भगवान कृष्ण की जयंती को चिह्नित करने के लिए पूरे देश में हर साल मनाई जाती है। श्रद्धालु उपवास रखकर और मंदिरों में प्रार्थना करते हैं। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण का जन्म भाद्र महीने के आठवें दिन हुआ था। पश्चिमी कैलेंडर के अनुसार यह दिन ज्यादातर अगस्त या सितंबर के महीनों में पड़ता है। वहीं कृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर चंडीगढ़ में पूरे शहर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। इस पर्व पर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



### महाराष्ट्र में दही हांडी का खेल एडवेंचर स्पोर्ट

**मुंबई ।**

महाराष्ट्र सरकार ने दही हांडी के खेल को एडवेंचर स्पोर्ट का दर्जा देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा दही-हांडी को खेल खेल के रूप में मान्यता दी जाएगी। दही हांडी जीतने वाले गोविंदा को खेल श्रेणी में नौकरी भी मिलेगी।उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सभी गोविंदाओं का 10 लाख रुपए का बीमा कराया जाएगा। दुर्घटना में गोविंदा की जान जाने पर 10 लाख रुपए, गंभीर रुप से घायल होने वाले गोविंदा को 7.5 लाख और घायलों को 5 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। महाराष्ट्र में दही हांडी का खेल जन्माष्टमी की अवसर पर गांव गांव में खेला जाता है। जन्माष्टमी की पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस घोषणा का धार्मिक एवं राजनीतिक स्तर पर उनकी लोकप्रियता को बढाएगा।

## सिसोदिया के घर सीबीआई रेड पर बीजेपी के साथ कांग्रेस

नई दिल्ली । शराब नीति में कथित गड़बड़ी को लेकर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई की छापेमारी चल रही है। सात राज्यों में 21 ठिकानों पर यह छापेमारी की जा रही है। छापा पड़ते ही इस पर राजनीति भी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने जहां इसे 'अच्छे काम' को रोकने की कोशिश बताया है तो भाजपा कह रही है कि केजरीवाल सरकार खजाना लूटने के बाद विक्टिम कार्ड खेल रही है। वहीं, अब इस मुद्दे पर बीजेपी को कांग्रेस का साथ मिला है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित ने कहा है कि सीबीआई ने काफी देर कर दी है। संदीप दीक्षित ने एएनआई से बातचती के दौरान शराब नीति के अलावा स्कूल बनाने और शिक्षक भर्ती में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया और पूछा कि 7-8 साल तक रेड क्यों नहीं डाली गई। संदीप ने कहा, ''दिल्ली सरकार में पिछले 7-8 साल से जो हो रहा था, इसमें आश्चर्य ये है कि अब तक रेड क्यों नहीं पड़ी? आबकारी नीति, स्कूल बनाने में धांधली, शिक्षक भर्ती घोटाला, सिविल डिफेंस भर्ती घोटाला जिसमें भी आप देखेंगे तो उसमे 1 नहीं 10-10 छापे पड़ने चाहिए।' कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने लिखा, 'एजेंसियों के निरंतर दुरुपयोग का एक बड़ा नुकसान यह भी होता है कि जब वह एजेंसी सही काम भी करे तब भी उसके कदम को शक की दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे में भ्रष्ट लोग दुरुपयोग की दुहाई देकर बच निकलते हैं और जो ईमानदारी से जनता के मुद्दे उठाते हैं, वो दुरुपयोग का शिकार होते रहते हैं।

## कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद टोमेटो फ्लू का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब टोमेटो फ्लू का खतरा बढ़ा है। भारत में टोमेटो फ्लू के 80 संभावित मामले देखने को मिले हैं, जहां बच्चों के शरीर पर दर्दनाक फफोले बन रहे। रिपोर्ट के मुताबिक टोमैटो फ्लू का नाम पूरे शरीर में होने वाले लाल और दर्दनाक फफोले के आधार पर पड़ा है, जो धीरे-धीरे बड़ा होकर टमाटर के आकार का हो जाता है। टोमेटो फ्लू होने पर त्वचा पर चकत्ते भी दिखाई देते हैं, जिससे मरीजों को त्वचा में जलन की शिकायत रहती है। इस बीमारी में थकान, मितली, उल्टी, दस्त, बुखार, पानी की कमी, जोड़ों की सूजन, शरीर में दर्द और सामान्य इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण दिखाई पड़ते हैं। डॉक्टरों ने चकत्तों के फफोले की तुलना मंकीपॉक्स से और बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर और मुंह की बीमारी से की है। शोधकर्ता अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह लक्षण किन वजहों से शरीर पर दिखाई पड़ते हैं। अब तक, स्वास्थ्य अधिकारियों ने 2022 के मई और जुलाई के बीच 82 मामले दर्ज किए हैं, जिसमें सभी मरीज पांच साल से कम उम्र के हैं। टोमेटो फ्लू का सबसे पहला मामला केरल के कोल्लम जिले में देखा गया था, जिसके बाद यह पूरे क्षेत्र में फैल गया। टोमेटो फ्लू को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है कि यह बीमारी गंभीर या जानलेवा है, और बच्चों का इलाज सामान्य उपचार-पैरासिटामोल, आराम और बहुत सारे तरल पदार्थों से किया जा रहा है।

## मनीष सिसोदिया समेत 4 लोकसेवकों के खिलाफ केस दर्ज

### सीबीआई की टीम दिल्ली-एनसीआर समेत 7 राज्यों के 21 ठिकानों पर खंगाल रही है दस्तावेज

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में एक्साइज पॉलिसी की जांच की सिफारिश के बाद सीबीआई ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर छापेमारी की गई। दिल्ली समेत 7 राज्यों में 21 जगहों पर तलाशी की जा रही है। दमन और दीव में भी सीबीआई का छापा चल रहा है।सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि मनीष सिसोदिया समेत 4 लोकसेवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सीबीआई की टीम दिल्ली-एनसीआर समेत 7 राज्यों के 21 ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रही है। इनमें सिसोदिया का सरकारी आवास और आईएएस अफसर अरवा गोपी कृष्णा के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। गोपी कृष्णा ने ही एक्साइज पॉलिसी को तैयार किया था। इसके अलावा पॉलिसी से जुड़े रहे कुछ अन्य अधिकारियों के घर भी छापेमारी की सूचना है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्साइज पॉलिसी 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की थी। दिल्ली के मुख्य सचिव की जुलाई में दी गई रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी, जिसमें जीएनसीटीडी अधिनियम 1991, कार्यकरण नियम (टीओबीआर)-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम-2010 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए जाने की बात कही गई थी। इस बीच सिसोदिया ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि वह सीबीआई का स्वागत करते हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि सीबीआई आई है। उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नम्बर-एक नहीं बन पाया।' उन्होंने कहा कि हम सीबीआई का स्वागत करते हैं। जांच में पूरा सहयोग देंगे ताकि सच जल्द सामने आ सके।

## ओडिशा में बाढ़ से भयावह हालात, भारी बारिश के बीच कई तटीय जिलों में 'हाई अलर्ट'

**भुवनेश्वर ।**

ओडिशा सरकार ने कम दबाव वाले क्षेत्र के, दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने के कारण राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के कारण तटीय जिलों के लिए 'हाई अलर्ट' जारी किया। विशेष राहत आयुक्त पी.के. जेना ने बताया कि महानदी बेसिन क्षेत्र में फिर बारिश होने से पहले ही बाढ़ की मार झेल रहे क्षेत्रों में स्थिति और खराब हो गई है। राज्य सरकार ने जिला प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को मदद मुहैया कराने को कहा है। राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि दबाव क्षेत्र के चलते भारी बारिश के कारण जगतसिंहपुर तथा रायगढ़ जिलों और उत्तरी क्षेत्र के सुवर्णरेखा बेसिन के कुछ इलाकों में बाढ़ आ गई। जगतसिंहपुर जिले में रात भर में 107 मिमी बारिश दर्ज की गई। पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व और आस-पास के क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया। वह अभी बालासोर से लगभग 310 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व में केंद्रित है। विभाग के अनुसार, इसके गहरे दबाव क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है और शाम को बालासोर तथा सागर द्वीप समूह से होकर पश्चिम बंगाल और ओडिशा तट को पार करने की संभावना है। यह ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा और उत्तरी छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते हुए धीरे-धीरे कमजोर होगा। संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में बाढ़ आने, मिट्टी धंसने और भूस्खलन होने की आशंका है, जिससे कुछ अतिसंवेदनशील सड़कों और मकानों को नुकसान पहुंच सकता है। केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर, कटक, ढेंकनाल और अंगुल समेत 12 जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है।


## देश में कोरोना की घट-बढ़ जारी

### 15,754 नए केस सामने आए, 39 संक्रमितो ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली ।**

देश में कोरोना वायरस की घट-बढ़ जारी है एक दिन में संक्रमण के 15,754 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,43,14,618 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,01,830 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 47 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,253 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,01,830 हो गई है, जो कुल मामलों का 0।23 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 647 मरीज स्वस्थ हुए हैं। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.58 प्रतिशत है। कोविड-19 के उपचाराधीन रोगियों की संख्या में बीते 24 घंटे के दौरान 487 की वृद्धि हुई है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.47 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.90 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,36,85,535 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 209.27 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 39 मामले सामने आए, जिनमें से दिल्ली में आठ, महाराष्ट्र में छह, कर्नाटक में चार, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में तीन-तीन, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में दो-दो, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, ओडिशा, सिक्किम और उत्तराखंड में मौत का एक-एक मामला सामने आया।



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

# कश्मीर को अछूत क्यों बना रहे हैं?

*जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी पार्टियां इस नई पहल पर परेशान दिखाई पड़ रही हैं। पहले तो वे धारा 370 और 35 ए को ही हटाने का विरोध कर रही थीं। अब उन्हें लग रहा है कि उनके सिर पर एक नया पहाड़ टूट पड़ा है।*

(लेखक-डॉ वेदप्रताप वैदिक)

जम्मू-कश्मीर को लेकर अब एक और नया विवाद छिड़ गया है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में रहनेवाले अन्य प्रांतों के नागरिकों को अब वोट डालने का अधिकार मिलनेवाला है। जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी पार्टियां इस नई पहल पर परेशान दिखाई पड़ रही हैं। पहले तो वे धारा 370 और 35 ए को ही हटाने का विरोध कर रही थीं। अब उन्हें लग रहा है कि उनके सिर पर एक नया पहाड़ टूट पड़ा है। उनका मानना है कि केंद्र सरकार के इशारे पर किया जा रहा यह कार्य अगला चुनाव जीतने का भाजपाई पैतरा भर है लेकिन इससे जम्मू-कश्मीर का असली चरित्र नष्ट हो जाएगा। सारे भारत की जनता कश्मीर पर टूट पड़ेगी और कश्मीरी मुसलमान अपने ही प्रांत में अल्पसंख्यक बन जाएंगे। इस वक्त वहां की स्थानीय मतदाताओं की संख्या लगभग 76 लाख है। यदि उसमें 25 लाख नए मतदाता जुड़ गए तो उन बाहरी लोगों का थोक वोट भाजपा को मिलेगा। जम्मू के भी ज्यादातर वोटर भाजपा का ही साथ देंगे। ऐसे में कश्मीर की परंपरागत प्रभावशाली पार्टियां हमेशा के लिए हाशिए में चली जाएंगी। पहले ही निर्वाचन-क्षेत्रों के फेर-बदल के कारण घाटी की सीटें कम हो गई हैं। इसी का विरोध करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने भाजपा को छोड़कर सभी दलों की एक बैठक भी बुलाई है। पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती भी काफी गुस्से में नजर आ रही हैं। इन कश्मीरी नेताओं का गुस्सा बिल्कुल स्वाभाविक है, क्योंकि नेता लोग राजनीति में आते ही इसीलिए हैं कि उन्हें येन-केन-प्रकरेण सत्ता-सुख भोगना होता है। केंद्र सरकार इधर जो भी सुधार वहां कर रही है, वह उन नेताओं को बिगाड़ के अलावा कुछ नहीं लगता। ऐसे में इन कश्मीरी नेताओं से मेरा निवेदन है कि वे अपनी दृष्टि ज़रा व्यापक क्यों नहीं करते हैं? यदि कश्मीरी नेता देश के गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत और केंद्र सरकार के पूर्ण सचिव बन सकते हैं तथा कश्मीरी नागरिक देश में कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं और वोट डाल सकते हैं तो यही अधिकार गैर-कश्मीरी नागरिकों को कश्मीर में दिए जाने का विरोध क्यों होना चाहिए? देश के जैसे अन्य प्रांत, वैसा ही कश्मीर भी। वह कुछ कम और कुछ ज्यादा क्यों रहे? यदि कश्मीरी लोग देश के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं तो देश के कोई भी नागरिक कश्मीर में जमीन क्यों नहीं खरीद सकते? हमारे कश्मीरी नेता कश्मीर जैसे सुंदर और शानदार प्रांत को अन्य भारतीयों के लिए अछूत बनाकर क्यों रखना चाहते हैं? मैं तो वह दिन देखने को तरस रहा हूं कि जबकि कोई पक्का कश्मीरी मुसलमान भारत का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बन जाएं।

## कार्टून




## धर्म

### अंतर में ध्यान

संत राजिन्दर

खुशी और शांति पाने के लिए इंसान तरह-तरह के प्रयास करता है। ज्यादातर सभी लोग सोचते हैं कि धन-दौलत जमा करके, जायदाद इकट्ठी करके, नई-नई खोजें या अविष्कार करके, सत्ता पाकर या फिर नाम प्रसिद्धी प्राप्त करके वह इस दुनिया की हरेक खुशी पा लेंगे, लेकिन अगर हम उन लोगों की ओर देखें जिनके पास ये सब चीज़ें हैं तो हम पाएंगे कि वे लोग फिर भी दुःखी हैं। उन्हें भी यह लगता था कि उन चीजों से उन्हें खुशी मिलेगी किंतु इस दुनिया की कोई भी चीज हमें सदा-सदा की खुशी नहीं दे सकती क्योंकि यहां की हर चीज अस्थायी है। सभी संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि इस संसार की हर चीज जड़ता की बनी है और वह एक न एक दिन नष्ट हो जाती है किंतु हमारी आत्मा जोकि परमात्मा का अंश है वह जड़ नहीं, चेतन है और सदा-सदा रहने वाली है। हमारी आत्मा को सच्ची खुशी तभी मिलती है जब वह पिता-परमेर से जुड़ती है। तब वह परमानंद, खुशी, प्रेम और दिव्य ज्योति से भरपूर रहती है। ध्यान-अभ्यास एक ऐसी विधि है जिसके जरिये हमारी आत्मा यह दिव्य अनुभव करती है। तब ही हम अपनी आत्मा को जान पाते हैं और प्रभु-प्रेम का अमृत पी सकते हैं। जो लोग ध्यान-अभ्यास करते हैं वह अपने आपको हर समय शांति और आनंद से भरा हुआ पाते हैं। यह ऐसी शांति है जोकि सदा-सदा हमारे साथ रहती है। हमें सिर्फ अपना ध्यान बाहर की दुनिया से हटाकर अंतर में टिकाना है ताकि हम इसका अनुभव कर सकें। इस समय हमारा ध्यान बाहर की दुनिया में फैला हुआ है। हम अपनी पांच इंद्रियों के द्वारा बाहरी संसार और अपने भौतिक शरीर को जान पाते हैं, लेकिन अगर हम अपने ध्यान को दो आंखों के बीच 'शिवनेत्र' पर एकाग्र कर लें तो हम अपनी आत्मा के खजानों का अनुभव कर पाएंगे। अंतर में ध्यान टिकाने की इस प्रक्रिया को कई नामों से पुकारा गया है जैसे ध्यान-अभ्यास, अंतर्मुख होना या प्रार्थना करना। जो लोग आंतरिक शांति का अनुभव कर लेते हैं, वो बाहरी संसार में भी शांति स्थापित करने में मददगार होते हैं। क्योंकि वो अपने अंतर में शांति प्राप्त कर बाहरी दुनिया की परेशानियों में बहुत ही शांत तरीके से व्यवहार करके उनका समाधान करते हैं और उस शांति को वे अपने चारों ओर के लोगों में भी फैलाते हैं।

# साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक वीर गोगाजी

गोगानवमी पर विशेष
लेखक-रमेश सर्राफ धमोरा



**श्रावण शुक्ल पूर्णिमा से लेकर भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा तक गोगामेड़ी के मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आकर वीर गोगाजी की समाधि तथा गोगापीर व जाहरवीर के जयकारों के साथ गोगाजी तथा गुरु गोरक्षनाथ के प्रति भक्ति की अविरल धारा बहाते है। भक्तजन गुरु गोरक्षनाथ के टीले पर जाकर शीश नवाते हैं। फिर गोगाजी की समाधि पर आकर धोक देते हैं। प्रतिवर्ष लाखों लोग गोगा जी के मंदिर में मत्था टेक तथा छडियों की विशेष पूजा करते हैं।लोकमान्यता व लोककथाओं के अनुसार गोगाजी को सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है।**

**राष्ट्रीय** एकता व सांप्रदायिक सदभावना के प्रतीक वीर गोगाजी राजस्थान के लोक देवता हैं। वीर गोगाजी को जाहरवीर गोगा जी के नाम से भी जाना जाता है। इन्हे हिन्दु और मुस्लिम दोनो पूरी श्रद्धा के साथ पूजते है। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोगामेड़ी गांव में गोगाजी की समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष भाद्रप्रद मास के शुक्ल पक्ष में मेला भरता है। जो लाखों भक्तों के आकर्षण का केंद्र है। यह मेला एक माह तक चलता है। गोगामेड़ी स्थित गोगाजी का समाधि स्थल साम्प्रदायिक सद्भाव का अनूठा प्रतीक है। जहां एक हिन्दू व एक मुस्लिम पुजारी खड़े रहते हैं। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा से लेकर भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा तक गोगामेड़ी के मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आकर वीर गोगाजी की समाधि तथा गोगापीर व जाहरवीर के जयकारों के साथ गोगाजी तथा गुरु गोरक्षनाथ के प्रति भक्ति की अविरल धारा बहाते है। भक्तजन गुरु गोरक्षनाथ के टीले पर जाकर शीश नवाते हैं। फिर गोगाजी की समाधि पर आकर धोक देते हैं। प्रतिवर्ष लाखों लोग गोगा जी के मंदिर में मत्था टेक तथा छडियों की विशेष पूजा करते हैं।लोकमान्यता व लोककथाओं के अनुसार गोगाजी को सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। आज भी सर्पदंश से मुक्ति के लिए गोगाजी की पूजा की जाती है। गोगाजी के प्रतीक के रूप में पत्थर या लकडी पर सर्प मूर्ती उत्कीर्ण की जाती है। लोक धारणा है कि सर्प दंश से प्रभावित व्यक्ति को यदि गोगाजी की मेडी तक लाया जाये तो वह व्यक्ति सर्प विष से मुक्त हो जाता है। लोग उन्हें गोगाजी चैहान, गुग्गा, जाहर वीर व जाहर पीर के नामों से पुकारते हैं। यह गुरु गोरक्षनाथ के प्रमुख शिष्यों में से एक थे। राजस्थान के छह सिद्धों में गोगाजी को समय की दृष्टि से प्रथम माना गया है। राजस्थान की लोक संस्कृति में वीर गोगाजी के प्रति अपार आदर भाव देखते हुए कहा गया है कि गांव-गांव में खेजड़ी, गांव-गांव में गोगावीर। वीर गोगाजी का आदर्श व्यक्तित्व भक्तजनों के लिए सदैव आकर्षण का केन्द्र रहा है। गोरखटीला स्थित गुरु गोरक्षनाथ के धूने पर शीश नवाकर भक्तजन मनौतियां मांगते हैं। विद्वानों व इतिहासकारों ने उनके जीवन को शौर्य, धर्म, पराक्रम व उच्च जीवन आदर्शों का प्रतीक माना है। लोक देवता जाहरवीर गोगाजी की जन्मस्थली ददरेवा में भादवा मास के दौरान लगने वाले मेले के दृष्टिगत पंचमी को श्रद्धालुओं की संख्या में और बढ़ोतरी हुई। मेले में राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश व गुजरात सहित विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। गोगामेडी में गोगाजी का मंदिर एक ऊंचे टीले पर मस्जिदनुमा बना हुआ है। इसकी मीनारें मुस्लिम स्थापत्य कला का बोध कराती हैं। मुख्य द्वार पर बिस्मिला अंकित है। मंदिर के मध्य में गोगाजी का मजार (कब्र) है। साम्प्रदायिक सदभावना के प्रतीक गोगाजी के मंदिर का निर्माण बादशाह फिरोजशाह तुगलक ने कराया था। संवत 362 में फिरोजशाह तुगलक हिसार होते हुए सिंध प्रदेश को विजयी करने जाते समय गोगामेडी में ठहरे थे। रात के समय बादशाह तुगलक व उसकी सेना ने एक चमत्कारी दृश्य देखा कि मशालें लिए घोड़ों पर सेना आ रही है। तुगलक की सेना में हा-हाकार मच गया। तुगलक कि सेना के साथ आए धार्मिक विद्वानों ने बताया कि यहां कोई महान हस्ती आई हुई है। वो प्रकट होना चाहती है। फिरोज तुगलक ने लड़ाई के बाद आते गोगामेडी में मस्जिदनुमा मंदिर का निर्माण करवाया और पक्की मजार बन गई। तत्पश्चात मंदिर का जीर्णोद्वार बीकानेर के महाराज काल में 1887 व 1943 में करवाया गया। गोगाजी का यह मंदिर आज हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाईयों में समान रूप से श्रद्वा का केन्द्र है। सभी धर्मो के भक्तगण यहां गोगा मजार के दर्शनों हेतु भादव मास में उमड़ पडते हैं। राजस्थान का यह गोगामेडी नाम का छोटा सा गांव भादव मास में एक नगर का रूप ले लेता है और लोगों का अथाह समुद्र बन जाता है। गोगा भक्त पीले वस्त्र धारण करके अनेक प्रदेशों से यहां आते हैं। सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश व बिहार के भक्तों की होती है। नर-नारियां व बच्चे पीले वस्त्र धारण करके विभिन्न साधनों से गोगामेडी पहुंचते हैं। स्थानीय भाषा में इन्हें पूरबिये कहते हैं। भक्तजन अपने-अपने निशान जिन्हे गोगाछड़ी भी कहते हैं लेकर मनौती मांगने नाचते-गाते ढप व डमरू बजाते व कुछ एक सांप लिए भी आते हैं। गोगा को सापों के देवता के रूप में भी माना जाता है। हर धर्म व वर्ग के लोग गोगाजी की छाया चढ़ाकर नृत्य की मुद्रा में सांकल खाते व पदयात्रा करते तथा गोरखनाथ टीले से लेटते हुए गोगाजी के समाधि स्थल तक पहुंचते हैं। नारियल, बताशे का प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगते हैं। जातरु ददरेवा आकर न केवल धोक आदि लगाते हैं बल्कि वहां अखाड़े में बैठकर गुरु गोरक्षनाथ व उनके शिष्य जाहरवीर गोगाजी की जीवनी के किस्से अपनी-अपनी भाषा में गाकर सुनाते हैं। प्रसंगानुसार जीवनी सुनाते समय वाद्ययंत्रों में डैरूं व कांसी का कचौला विशेष रूप से बजाया जाता है। इस दौरान अखाड़े के जातरुओं में से एक श्रद्धालु अपने सिर व शरीर पर पूरे जोर से लोहे की सांकले मारता है। मान्यता है कि गोगाजी की संकलाई आने पर ऐसा किया जाता है। गोगाजी का जन्म राजस्थान के ददरेवा (चूरू) चैहान वंश के राजपूत शासक जैबर की पत्नी बाछल के गर्भ से गुरू गोरखनाथ के वरदान से भादो शुदी नवमी को हुआ था। इनके जन्म की भी विचित्र कहानी है। एक किवदंती के अनुसार गोगाजी का मां बाछल देवी निरूसंतान थी। संतान प्राप्ति के सभी यत्न करने के बाद भी संतान सुख नही मिला। गुरू गोरखनाथ गोगामेडी के टीले पर तपस्या कर रहे थे। बाछल देवी उनकी शरण मे गईं तथा गुरू गोरखनाथ ने उन्हे पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया और कहा कि वे अपनी तपस्या पूरी होने पर उन्हें ददरेवा आकर प्रसाद देंगे जिसे ग्रहण करने पर उन्हे संतान की प्राप्ति होगी। तपस्या पूरी होने पर गुरू गोरखनाथ बाछल देवी के महल पहुंचे। उन दिनों बाछल देवी की सगी बहन काछल देवी अपनी बहन के पास आई हुई थी। गुरू गोरखनाथ से काछल देवी ने प्रसाद ग्रहण कर लिया और दो दाने अनभिज्ञता से प्रसाद के रूप में खा गई। काछल देवी गर्भवती हो गई। बाछल देवी को जब यह पता चला तो वह पुनरू गोरखनाथ की शरण मे गई। गुरू बोले देवी मेरा आशीर्वाद खाली नहीं जायेगा तुम्हे पुत्ररत्न की प्राप्ति अवश्य होगी। गुरू गोरखनाथ ने चमत्कार से एक गुगल नामक फल प्रसाद के रूप में दिया। प्रसाद खाकर बाछल देवी गर्भवती हो गई और तदुपरांत भादो माह की नवमी को गोगाजी का जन्म हुआ। गुगल फल के नाम से इनका नाम गोगाजी पड़ा। गोगादेव की जन्मभूमि ददरेवा पर आज भी उनके घोड़े का अस्तबल है और सैकड़ों वर्ष बीत गए, लेकिन उनके घोड़े की रकाब अभी भी वहीं पर विद्यमान है। उक्त जन्म स्थान पर गुरु गोरक्षनाथ का आश्रम भी है और वहीं है गोगादेव की घोड़े पर सवार मूर्ति। कायम खानी मुस्लिम समाज उनको जाहर पीर के नाम से पुकारते हैं तथा उक्त स्थान पर माथा टेकने और मन्नत मांगने आते हैं। इस तरह यह स्थान हिंदू और मुस्लिम एकता का प्रतीक है। मध्यकालीन महापुरुष गोगाजी हिंदू, मुस्लिम, सिख संप्रदायों की श्रधा अर्जित कर एक धर्मनिरपेक्ष लोकदेवता के नाम से पीर के रूप में प्रसिद्ध हुए। मेले के दिनों में गोगामेड़ी में एक अपूर्व आध्यात्मिक वातावरण बन जाता है और प्रशासनिक व्यवस्था कायम हो जाती है। विभिन्न संगठनो के स्वयं सेवक भी भक्तों की सुविधा के लिए जुट जाते हैं। अधिकांश भक्त रेल मार्ग से पहुंचते हैं। हालांकि रेल विभाग भक्तों की सुविधा के लिए अनेक विशेष रेलगाडियां चलाता है तो भी रेलों में भीड़ अभूतपूर्व होती है। गोगामेड में इन्ही दिनों पशुओं का मेला भी लगता है, जहां लाखों पशुओं की खरीद-फरोख्त होती है। गोगामेड़ी साम्प्रदायिक सदभाव व राष्ट्र की अनेकता में एकता की अनूठी मिसाल है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहतें हैं।)

## विचार मंथन

# चीन की चाल

लेखक-सिद्धार्थ शंकर

**चीनी स्पाई** शिप युआन वांग-5 मंगलवार ...ुबह श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट पर पहुंच गया। ...ह स्पाई शिप 16 से 22 अगस्त तक यहां ...हेगा। यह करीब 750 किमी दूर तक आसानी ...ो निगरानी कर सकता है। युआन वांग 5 ...टेलाइट और इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइलों को ...क करने में सक्षम है। पहले इस चीनी शिप के ...1 अगस्त को हंबनटोटा पहुंचने की उम्मीद ...ी। जासूसी के खतरे को देखते हुए भारत ने ...से लेकर श्रीलंका के सामने विरोध दर्ज कराया ...ा। दरअसल, हंबनटोटा पोर्ट से तमिलनाडु के ...न्याकुमारी की दूरी करीब 451 किलोमीटर ...। इसके बावजूद श्रीलंका ने इसे हंबनटोटा ...र्ट पर आने की अनुमति दी। अब भारत ...सको लेकर अलर्ट पर है। इंडियन नेवी की ...शप के मूवमेंट पर कड़ी नजर है। आखिरकार ...ीन अपना जासूसी पोत श्रीलंका के हंबनटोटा ...ंदरगाह पर ठहराने में कामयाब हो गया। इसकी ...ानकारी शनिवार को खुद श्रीलंका सरकार ने ...ी। यह पोत बैलेस्टिक मिसाइल और उपग्रह का ...ता लगाने में सक्षम है। इसके जरिए भारत के ...क्षा ठिकानों और विभिन्न सुरक्षा गतिविधियों के ...ारे में जानकारी हासिल की जा सकती है। ...सलिए भारत ने हिंद महासागर से इसके गुजरने ...ौर श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर ठहरने ...ो लेकर सख्त एतराज जताया था। पहले तो ...ीलंका ने इस पोत के अपने सीमा क्षेत्र में प्रवेश को मंजूरी देने से इनकार किया, मगर फिर वह चीन के दबाव में आ गया और उसने उसे अपने यहां रुकने की इजाजत दे दी।

पहले युआन वांग 5 नामक इस पोत को हंबनटोटा बंदरगाह पर 11 अगस्त को पहुंच कर 17 अगस्त तक रसद और ईंधन आदि के लिए रुकना था, पर अब यह 16 से 22 अगस्त तक वहां ठहरेगा। इससे स्वाभाविक ही भारत की चिंता बढ़ गई है। श्रीलंका का यह बंदरगाह भारतीय सीमा से लगभग सटा हुआ है। चीन के इस जासूसी पोत की सूचनाएं एकत्र करने की क्षमता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसके जरिए पांच हजार किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक की आवाजों को भलीभांति सुना जा सकता है। चीन की भारत के प्रति सामरिक मंशा छिपी नहीं है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों के बीच लगातार तनाव बना रहता है। उसने भारतीय सीमा में घुस कर जमीन भी हथिया रखी है। ऐसे में वह श्रीलंका में अपनी उपस्थिति बनाए रख कर भारत की सुरक्षा को बहुत आसानी से चुनौती दे सकता है। हंबनटोटा बंदरगाह से भारत के कई रक्षा ठिकानों पर बहुत आसानी से नजर रखी जा सकती है। इस बात से श्रीलंका अनजान नहीं है, मगर वह पांच साल पहले ही इस बंदरगाह को चीन के पास निन्यानबे साल के लिए गिरवी रख और वहां चीन को अपनी रक्षात्मक गतिविधियां संचालित करने के करार पर हस्ताक्षर कर अपने अधिकार गंवा चुका है। आठ साल पहले भी चीन ने इसी तरह श्रीलंका में अपनी एक पनडुब्बी भेजी थी, जिसे लेकर भारत ने कड़ा एतराज जताया था और दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी। अभी श्रीलंका की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल है और उसे लगता है कि इस समय चीन ही उसका तारनहार साबित हो सकता है। हालांकि जब श्रीलंका में जन-विद्रोह हुआ और वहां खाने-पीने की चीजों का भी संकट पैदा हो गया, उस समय चीन चुप्पी साधे हुए था, तब भारत ने ही रसद आदि भेज कर उसकी मदद की। भारत सदा से श्रीलंका का करीबी दोस्त रहा है, मगर चीन ने उसे कर्ज देकर इस रिश्ते में दरार पैदा कर दी है। चीनी बंदरगाह पर अपना जासूसी जहाज भेज कर चीन ने भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

हालांकि भारत सरकार ने कहा है कि वह चीन की इन गतिविधियों को लेकर सतर्क है, पर चीन जिस तरह अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते चालें चलता रहता है, उसमें उसकी नीयत पर बहुत भरोसा नहीं किया जा सकता। एक तरह से चीन ने भारत को श्रीलंका की तरफ से घेरना शुरू कर दिया है, इसमें भारत को अपनी सामरिक गतिविधियों को अधिक चुस्त बनाना होगा।

## सद्भावना दिवस

# पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जयंती

लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

(20 अगस्त सद्भावना दिवस)

'जाने वाले लौट कर कभी नहीं आते, पर जाने वाले की बहुत याद आती हैं '.यह सच हैं और कोई भी राजनेता पूर्ण नहीं होता और न सबको खुश कर सकता हैं पर उन्होंने अल्प समय में अनेकों उपलब्धियां दी जो आज भी मील का पत्थर माने जाते हैं। सौम्य और प्रसन्न मुद्रा से युत अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी श्री राजीव गाँधी थे, वे अपने युग के युग पुरुष कहे जा सकते हैं। भारत के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को ब्रिटिशकालीन भारत के बॉम्बे में हुआ था। जन्म के समय उनका नाम राजीव रत्न गांधी रखा गया था हालांकि बाद में उनकी पहचान राजीव गांधी के रूप में बनी। उनके जन्म के समय उनका परिवार आजादी की लड़ाई में शामिल था। उनके नाना पं. जवाहर लाल नेहरू, मां इंदिरा गांधी और पिता फिरोज गांधी देश की आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे। आजादी के बाद उनके नाना आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। इसके साथ ही उनका परिवार सदा के लिए लखनऊ से दिल्ली शिफ्ट हो गया। उनकी स्कूली शिक्षा हिमालय की तलहटियों में स्थित दून स्कूल में हुई। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के ट्रिनिटी कॉलेज में एडमिशन लिया परन्तु जल्दी ही वह लंदन के इम्पीरियल कॉलेज में शिफ्ट हो गए। वहां उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री ली। उनका पूरा परिवार राजनीति में था परन्तु वह बचपन से विज्ञान और इंजीनियरिंग में रूचि लेते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह भारत लौटे और यहां दिल्ली फ्लाईंग क्लब में उन्होंने कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लिया और इंडियन एयरलाइंस में पायलट बन गए। राजीव गांधी जब ट्रिनिटी कॉलेज में पढ़ रहे थे तब उनकी मुलाकात एक इटेलियन छात्रा एडविग एंटोनियो अल्बिना माइनो से हुई। एंटोनियो उस समय बेल एजुकेशनल ट्रस्ट में अंग्रेजी की पढ़ाई कर रही थी। दोनों के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी और वर्ष 1968 में उन दोनों ने हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह कर लिया तथा उनकी पत्नी का नया नाम सोनिया गांधी रखा गया। वर्तमान में सोनिया गांधी कांग्रेस की बागडोर संभाल रही है।

उनकी पत्नी सोनिया गांधी को इंदिरा गांधी ने अपने पुत्रवधू स्वीकार करते हुए मान दिया। वर्ष 1970 में उनकी पहली संतान राहुल गांधी तथा वर्ष 1972 में दूसरी संतान प्रियंका गांधी का जन्म हुआ। 23 जून 1980 को उनके छोटे भाई संजय गांधी की मृत्यु की बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी से आग्रह किया कि वे राजीव गांधी को राजनीति में आने के लिए प्रेरित करें। 16 फरवरी 1981 को राजीव गांधी विधिवत रूप से राजनीति में आए, उन्होंने चुनाव लड़ा और शरद यादव को दो लाख सैतीस हजार से भी अधिक वोटों से हराया। 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी मृत्यु के पश्चात वह पूरी तरह से राजनीति में रम गए। जल्दी ही चुनाव हुए और कांग्रेस ने उनके नेतृत्व में लोकसभा की 401 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। वह मात्र 40 वर्ष की छोटी सी उम्र में देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनें। राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश ने कई बोल्ड फैसले लिए, जैसे मालदीव और श्रीलंका सरकार की सहायता करने के लिए सैन्य मदद भेजना, अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को आंतकियों से मुक्त कराना। उन्हें भारत में कम्प्यूटर लाने का भी श्रेय दिया जाता है। वह अक्सर आम जनता की भलाई के लिए प्रयास करते थे। उन्होंने देश की जनता को राहत पहुंचाने के लिए कई कड़े फैसले भी लिए, जिनके कारण जनता में उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। श्रीलंका सरकार को लिट्टे के विरुद्ध सहायता देने के लिए लिट्टे उनसे नाराज था। 21 मई, 1991 को लिट्टे के एक आत्मघाती हमले में राजीव गांधी मृत्यु हो गई। हमले में राजीव गांधी का शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, उनके शरीर के अवशेषों को एकत्रित कर वीरभूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी स्मृति को याद रखने के लिए उनके जन्मदिवस को हर वर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई ।**

मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली के कारण हुई बिकवाली से आई है। इसी के साथ ही बाजार में पिछले दिनों से जारी तेज रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में बढ़त पर खुला पर बाद में यह नीचे आने के साथ ही 651.85 अंक करीब 1.08 फीसदी की गिरावट के साथ ही 59,646.15 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 198.05 अंक तकरीबन 1.10 फीसदी टूटकर 17,758.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, मारुति, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। वहीं दूसरी ओर लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में तेजी रही। गत कारोबारी सत्र में बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग लाभ के साथ ही ऊपर आया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी गिरावट दर्ज की गयी। दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार में बढ़त रही। बाजार जानकारों के अनुसार कमजोर वैश्विक रुख के बीच ही मुनाफावसूली हावी होने से घरेलू शेयर बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। ब्याज दरों में वृद्धि के भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिखा। इसके अलावा दिग्गज कंपनियों के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया है।

## जन्माष्टमी पर सोना और चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोने के वायदा कारोबार में 148.00 अंक की गिरावट देखी गई। इस समय तक यह 51,455 पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी में भी इसी समय तक 465.00 अंकों की गिरावट थी, यह 0.82 फीसदी टूटकर 55,978 पर थी। वै श्विक बाजार द्वारा अच्छी रिकवरी किए जाने के बाद सोना और चांदी की कीमतों पर दबाव देखा जा रहा है। गुरुवार को` दशि के सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। दस ग्राम सोना सस्ता होकर 52,224 रुपए का हो गया, जबकि एक किलो चांदी की कीमत भी कम हो गई और अब यह 57,298 रुपए में बिक रही थी। डॉलर की मजबूती से धातुओं में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव है। सोना 1752 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर और चांदी 19.35 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर है।



## क्रिप्टोकरेंसी बाजार में फिर गिरावट

**नई दिल्ली ।** क्रिप्टोकरेंसी बाजार में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली है। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 3.05 फीसदी गिरकर 1.09 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। लगभग सभी करेंसीज़ में गिरावट देखी जा रही है। बड़े कॉइन्स में गिरने वालों में शिबा इनु, एवलॉन्च और डोज़कॉइन शामिल हैं। बिटकॉइन 2.82 फीसदी गिरकर 22,782.95 डॉलर पर है। बिटकॉइन पिछले 7 दिनों के अंदर 5.22 प्रतिशत गिरावट दिखा चुका है। दूसरे सबसे बड़े कॉइन इथेरियम का प्राइस पिछले 24 घंटों में 1.69 फीसदी की गिरावट के साथ 1,817.90 डॉलर पर पहुंच गया है। इथेरियम में पिछले 7 दिनों में 4.53 प्रतिशत गिरावट आई है। बाजार में बिटकॉइन का डोमिनेंस 40.2 प्रतिशत है, जबकि इथेरियम का प्रभुत्व 20.5 फीसदी है।

## वाणिज्य मंत्रालय ने ऑफ्लॉक्सासिन पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा की

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए विभिन्न संक्रमणों के उपचार में उपयोग की जाने वाली चीन निर्मित दवा ऑफ्लॉक्सासिन पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपनी जांच में पाया कि चीन से इस दवा को भारत में डंपिंग मूल्य पर भेजा जाता है जिससे घरेलू उद्योग प्रभावित होता है। निदेशालय ने अधिसूचना में कहा कि प्राधिकार पांच वर्ष की अवधि के लिए इस उत्पाद पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की अनुशंसा करता है। आरती ड्रग्स लिमिटेड ने चीन द्वारा दवा को डंपिंग मूल्य पर भेजने की शिकायत की थी और जांच की मांग की थी जिसके बाद डीजीटीआर ने इस विषय में जांच की थी।

## बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकार्ड उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली ।** बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 280.52 लाख करोड़ रुपए के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। शेयर बाजारों में लगातार तेजी से बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स गुरुवार को 37.87 अंक की बढ़त के साथ 60,298 अंक पर बंद हुआ। लगातार पांचवें दिन सेंसेक्स लाभ में रहा है। बाजार में तेजी के बीच बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण गुरुवार को 2,80,52,760.91 करोड़ रुपए के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 17 जनवरी को बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,80,02,437.71 करोड़ रुपए था।

## जीएमडीसी इस साल 15 लाख टन बढ़ाएगी लिग्नाइट उत्पादन

**नई दिल्ली ।** गुजरात खनिज विकास निगम (जीएमडीसी) ने कहा कि वह इस साल लिग्नाइट उत्पादन में 15 लाख टन बढ़ा रहा है। यह सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) सस्ता ईंधन चाहने वाले सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का समर्थन करने के लिए अपने लिग्नाइट उत्पादन को बढ़ाने का लक्ष्य कर रहा है। जीएमडीसी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि निजी इस्तेमाल के बिजली संयंत्रों के साथ कपड़ा, रसायन और सिरेमिक में कंपनी का ग्राहक आधार बढ़ रहा है। इसलिए कंपनी इस साल अपना लिग्नाइट उत्पादन बढ़ा रही है। उन्होंने कहा` कि इससे हमें राज्य में लगातार बढ़ती मांग-आपूर्ति के अंतर को कम करने और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस पीएसयू ने भावनगर में अपनी सुरखा (एन) खदान के लिए लिग्नाइट खनन ठेकेदारों से बोलियां आमंत्रित की हैं। कंपनी ने पिछले साल 85 लाख टन लिग्नाइट का उत्पादन किया था और इस साल इसे बढ़ाकर एक करोड़ टन करने की योजना है।

## आरबीआई के हस्तक्षेप से विदेशी मुद्रा भंडार के गिरावट में आई कमी: रिपोर्ट

### यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद उत्पन्न उतार-चढ़ाव के दौरान केवल छह प्रतिशत की कमी आई

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार घटने की दर में कमी देखी गई है। आरबीआई अधिकारियों के अध्ययन में यह कहा गया है। अध्ययन में 2007 से लेकर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण मौजूदा समय में उत्पन्न उतार-चढ़ाव को शामिल किया गया है। केंद्रीय बैंक की विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप की एक घोषित नीति है। केंद्रीय बैंक यदि बाजार में अस्थिरता देखता है, तो हस्तक्षेप करता है। हालांकि, रिजर्व बैंक मुद्रा को लेकर कभी भी लक्षित स्तर नहीं देता है। एक अध्ययन में कहा गया है कि 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भंडार 22 प्रतिशत कम हुआ था। यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद उत्पन्न उतार-चढ़ाव के दौरान इसमें केवल छह प्रतिशत की कमी आई है। इसमें व्यक्त विचार लेखकों के हैं और यह कोई जरूरी नहीं है कि यह केंद्रीय बैंक की सोच से मेल खाए। रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर अपने हस्तक्षेप उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रहा है। यह विदेशी मुद्रा भंडार में घटने की कम दर से पता चलता है। अध्ययन के अनुसार निरपेक्ष रूप से 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के कारण मुद्रा भंडार में 70 अरब अमेरिकी डॉलर की गिरावट आई। जबकि कोविड-19 अवधि के दौरान इसमें 17 अरब डॉलर की ही कमी हुई। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण इस वर्ष 29 जुलाई तक 56 अरब डॉलर की कमी आई है। अध्ययन में कहा गया है कि उतार-चढ़ाव को प्रभावित करने वाले प्रमुख तत्वों में ब्याज दर, मुद्रास्फीति, सरकारी कर्ज, चालू खाते का घाटा, जिंसों पर निर्भरता राजनीतिक स्थिरता के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर घटनाक्रम शामिल हैं।

# देश के पहले फाइव स्टार होटल के निजीकरण की कवायद में जुटी केंद्र सरकार



**नई दिल्ली ।**

केंद्र की मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के घाटे के उपक्रमों की हालत सुधारने के निजीकरण की कवायद कर रही है। अब देश के पहले सरकारी 5 सितारा होटल, अशोक होटल को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में तैयार किए गए प्रपोजल के अनुसार, सरकार अब अशोक होटल को 60 वर्षों के लिए ऑपरेट-मेनटेन-डेवलप (ओएमडी) मॉडल के तहत पट्टे पर देगी। साथ ही इस होटल की अतिरिक्त 6.3 एकड़ जमीन को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बेचा जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में यूनेस्को सम्मलेन के लिए 1960 के दशक में इस होटल का निर्माण कराया गया था। तब इसे बनाने पर तीन करोड़ रुपये खर्च हुए थे। 11 एकड़ में फैला अशोक होटल देश का पहला फाइव स्टार सरकारी होटल था। इसमें 550 कमरे, करीब दो लाख वर्ग फुट रिटेल एंड ऑफिस स्पेस, 30,000 वर्ग फुट बैंक्वेंट और कॉन्फ्रेंस फैसिलिटीज तथा 25,000 वर्ग फुट में फैले आठ रेस्तरां शामिल हैं। अशोक होटल का मालिकाना हक आईटीडीसी के पास है। सरकार के प्रपोजल के अनुसार, प्राइवेट पार्टनर इस होटल का विकास नए सिरे से करा सकता है। दावा किया जा रहा है कि इसे दुनिया के जाने-माने हेरिटेज होटलों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। नए सिरे से इसका विकास पर 450 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। यही नहीं, होटल के पास ही जो 6.3 एकड़ अतिरिक्त जमीन है उस पर 600 से 700 प्रीमियम सर्विस अपार्टमेंट बनाए जाएंगे। इनसे डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ऑपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल के जरिए कमाई होगी। साल 1955 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू यूनेस्को के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस की राजधानी पेरिस गए थे। नेहरू ने यूनेस्को को अगली कॉन्फ्रेंस भारत में करने के लिए न्योता दे दिया, लेकिन तब नई दिल्ली में कोई विश्व स्तरीय होटल नहीं था। इसलिए इसे बनाने का निर्णय लिया गया। इसका नाम तब 'द अशोका' रखा गया। मुंबई के आर्किटेक्ट बीई डॉक्टर को इसके डिजाइन और निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय, मार्गरेट थेचर, बिल क्लिंटन, चे ग्वेरा और फिदेल कास्त्रो जैसी कई जानी मानी हस्तियों ने इस होटल की मेहमाननवाजी का लुत्फ उठाया था।

# केंद्र सरकार ने डीजल और एटीएफ पर बढ़ाया टैक्स

### - डीजल के निर्यात पर टैक्स सात रुपए प्रति लीटर, वहीं एटीएफ के निर्यात पर दो रुपए प्रति लीटर



**मुंबई ।**

केंद्र सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाला विंडफाल गेन टैक्स फिर बढ़ा दिया है। साथ ही हवाई जहाज के ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एक बार फिर से इस टैक्स को लागू कर दिया गया है। हालांकि, घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड ऑयल पर शुल्क घटा दिया गया है। गुरुवार शाम को जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक डीजल के निर्यात पर टैक्स जहां 5 रुपए से बढ़ा कर सात रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है, वहीं एटीएफ के निर्यात पर फिर से दो रुपए प्रति लीटर का टैक्स लगाया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर जीरो टैक्स की व्यवस्था जारी रहेगी। इससे पहले बीते दो अगस्त को सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाला विंडफाल गेन टैक्स को 11 रुपए से घटा कर पांच रुपए प्रति लीटर कर दिया गया था। हवाई जहाज के ईंधन यानी एटीएफ (विमान ईंधन) के निर्यात पर इस टैक्स को खत्म कर दिया गया था। हालांकि उस समय घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड ऑयल पर टैक्स 17,000 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 17,750 रुपए प्रति टन कर दिया गया था। अधिसूचना के अनुसार घरेलू स्तर पर उत्पादित क्रूड ऑयल पर टैक्स 17,750 रुपए प्रति टन से घटाकर 13,000 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। यह कदम ओएनजीसी और वेदांता लिमिटेड जैसे क्रूड प्रोड्यूसरों के मुनाफे को बढ़ा देगा। बीते कुछ महीने में देखें तो सरकार ने दो बार टैक्स में कटौती करने के बाद यह बढ़ोतरी की। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत का व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसी महीने की पहली तारीख को जारी आंकड़ों में पता चला था कि भारत का व्यापार घाटा जुलाई में बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। ऐसा जिंसों की ऊंची कीमतों और रुपये में कमजोरी की वजह से आयात महंगा होने से हुआ।

## नोएडा और लखनऊ में सस्ता हुआ पेट्रोल और डीजल

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आ रहे उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकारी तेल कंपनियां बड़े शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं कर रहीं। हालांकि, नोएडा-लखनऊ जैसे शहर में शुक्रवार को तेल की कीमतों में नरमी आई है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से नोएडा में पेट्रोल 24 पैसे गिरकर 96.76 रुपए प्रति लीटर और डीजल 21 पैसे लुढ़ककर 89.93 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। लखनऊ में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 पैसे प्रति लीटर की गिरावट आई है। हालांकि, कंपनियों ने दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रखे हैं। इन शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम इस प्रकार हैं- दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.76 रुपए और डीजल 89.93 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# भारतीय बाजार में नई स्विफ्ट की होगी एंट्री

### -सबसे अधिक बिकने वाले कारों में शामिल है स्विफ्ट




**नई दिल्ली ।** देश में हर महीने सबसे अधिक बिकने वाले कार के मॉडलों में स्विफ्ट कार भी शामिल है। 2023 की शुरुआत में वैश्विक मॉडल की शुरुआत के बाद अगले साल कुछ समय बाद एक बड़ा बदलाव होने की उम्मीद है। कुछ हफ्ते पहले भी इस कार की स्पाई इमेज सामने आई थीं। अब फिर एक बार इसके प्रोटोटाइप की तस्वीरें सामने आई हैं, जो हमें आगामी संशोधनों पर मुख्य रूप से बाहरी रूप से विस्तृत रूप देती हैं। आंतरिक रूप से वायईडी कोडनेम, यह संभवतः विदेशों में प्रचलित अधिक कड़े सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए हार्टेक्ट प्लेटफॉर्म के अपडेटेड वर्जन पर बैठेगा।एक्सटीरियर आउटगोइंग मॉडल की तुलना में शार्प प्रतीत होता है, जबकि समग्र अनुपात भी एक कमरेदार केबिन को सक्षम करने के लिए बढ़ सकता है। मोर्चे पर, फिर से डिज़ाइन किया गया बोनट संरचना एक क्लैमशेल के आकार के मोल्ड के साथ आता है और बम्पर के साथ-साथ हेडलैम्प और हवा का सेवन बिल्कुल नया दिखता है। विशेष रूप से एलईडी हेडलाइट्स को बड़े समय में संशोधित किया जाता है।पीछे की तरफ एलईडी टेल लैंप्स को अपडेटेड बंपर और नए रिफ्लेक्टर के साथ फिर से डिजाइन किया गया है। फॉग लैंप और बॉडी पैनल बिल्कुल नए होने के साथ-साथ एक इंडिग्रेटेड स्पॉइलर भी हैं। नए डैशबोर्ड और सेंटर कंसोल की उपस्थिति के साथ इंटीरियर में भी एक बड़ा सुधार होने की उम्मीद है। सुविधाओं की सूची कनेक्टेड तकनीक के साथ एक बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एक 360-डिग्री कैमरा सिस्टम, एक हड, छह एयरबैग, आदि प्राप्त कर सकती है। बता दें कि मौजूदा पीढ़ी की स्विफ्ट कॉम्पैक्ट हैचबैक 2016 से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मौजूद है और इसे भारत में 2018 की शुरुआत में जबरदस्त सफलता के साथ पेश किया गया था।

## एप्पल सितंबर की शुरुआत में नए आईफोन, वॉच सीरीज 8 लांच करने के लिए तैयार



**सैन फ्रांसिस्को ।**

टेक दिग्गज एप्पल सितंबर की शुरुआत में अपना आईफोन 14इवेंट आयोजित करने के लिए तैयार है, जो अगली पीढ़ी के आईफोन, वॉच सीरीज 8 और अन्य उत्पादों और सेवाओं का अनावरण करेगा। आईफोन 14 लांच की तारीख 7 सितंबर हो सकती है। एप्पल आमतौर पर उन्हीं तारीखों के आसपास अपना वार्षिक मेगा इवेंट आयोजित करता है। कंपनी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर लॉन्च की तारीख की पुष्टि नहीं की है। टेक दिग्गज चार आईफोन 14 मॉडल जारी करने के लिए तैयार है, जिसमें 6.1 इंच का आईफोन 14, 6.7 इंच का आईफोन 14 मैक्स, 6.1 इंच का आईफोन 14 प्रो और 6.7 इंच का आईफोन 14 प्रो मैक्स शामिल है।

रिपोर्ट्स में कहा गया है, कि स्टैंडर्ड आईफोन 14 मॉडल में कुछ बदलाव होने की उम्मीद है, लेकिन आईफोन 14 प्रो मॉडल में अपडेटेड कैमरा तकनीक शामिल होगी। ए16 बायोनिक चिप वाले नए आईफोन्स में पिल-शेप्ड और होल-पंच कटआउट के पक्ष में नॉच को हटाया जा सकता है। विशेष रूप से, कोई 5.4-इंच आईफोन मिनी नहीं होगा क्योंकि छोटे आईफोन 12 और 13 मिनी डिवाइस नहीं बिके हैं।

## भारत में बजाज जल्द लांच करेगी नई बाइक

### -यह बाइक 125 सीसी बाइक सेगमेंट में होगी




**नई दिल्ली ।**

ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी बजाज जल्द ही एक और नई बाइक भारत में लॉन्च करने वाली है। यह बाइक 125 सीसी बाइक सेगमेंट में होगी जो टीवीएस रेडर 125, होंडा एसपी125 और हीरो ग्लैमर समेत कई पॉपुलर मोटरसाइल को कड़ी टक्कर देगी। कुछेक दिनों में बजाज सीटी 125एक्स लॉन्च होने वाली है। अब यह बाइक शोरूम में भी पहुंचने लगी है।बजट कम्यूटर सेगमेंट में बजाज सीसी सीरीज की बाइक्स लुक और फीचर्स के साथ ही जबरदस्त माइलेज के लिए भी पॉपुलर हैं। अब लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही ज्यादा पावरफुल बजाज सीटी 125 एक्स लॉन्च करने की कंपनी की तैयारी है। बजाज की आने वाली बाइक बजाज सीटी 125एक्स के लुक और फीचर्स की बात करें तो इसमें काफी गुडलुकिंग राउंड हेडलाइट काउल के साथ ही 'वी' शेप के एलईडी डीआरएल, छोटा वाइजर, मेटल गार्ड, फ्रंट टेलिस्कोपिक सस्पेंशन, ट्विन शॉक अब्जॉर्बर, रबर टैंक पैड, बड़ा ग्रैब रेल, सिंगल सीट सेटअप, लगेज रैक, साइड क्रैश गार्ड जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसमें हैलोजन हेडलैंप और टेललैंप के साथ ही टर्न इंडिकेटर भी लगे हुए हैं। इस बाइक में चार्जिंग शॉकेट भी मिलता है।

बाकी फीचर्स में इसमें स्मार्ट कनेक्टिविटी देखने को मिल सकते हैं। बजाज सीटी125एक्स में पल्सर 125 और पल्सर एनएस 125 की तरह ही 125 सीसी का इंजन दिया जा सकता है और यह इंजन 11.6 बीएचपी की पावर और 11 एनएम टॉर्क जेनरेट कर सकता है। बजाज सीटी 125एक्स को इस महीने या अगले महीने 70 हजार रुपये से ज्यादा की शुरुआती कीमत में लॉन्च किए जाने की संभावना है। आपको बता दें कि बजाज भारत में सीटी सीरीज में सीटी100 और सीटी110 जैसी मोटरसाइकल पहले से सेल कर रही है और ये माइलेज में जबरदस्त हैं।

## बेनलिंग इंडिया ने लॉन्च किया इलेक्ट्रिक स्कूटर

### -स्कूटर का नाम है 'बिलीव'



**नई दिल्ली।**

भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कंपनी बेनलिंग इंडिया ने अपना इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च कर दिया है। स्कूटर का नाम 'बिलीव' है। इस बारे में कंपनी का कहना है कि इस स्कूटर का मुख्य फोकस सेफ्टी है।बेनलिंग बिलीव की कीमत 97,520 (एक्स-शोरूम) है और इसे छह कलर ऑप्शन में उतारा गया है। इसमें मैजिक ग्रे, पर्पल, ब्लैक, ब्लू, येलो और व्हाइट ऑप्शन शामिल हैं।इसकी कुल 3,000 यूनिट्स डिलीवरी के लिए तैयार हैं।अन्य 9,000 यूनिट्स नवंबर से तैयार हो जाएंगी। स्कूटर एक बार चार्ज करने पर 120 किमी चल सकता है। स्पोर्ट मोड में इसकी राइडिंग रेंज 70-75 किमी है।स्कूटर में नई जनरेशन की बैटरी का उपयोग किया गया है, जो लिथियम आयरन फॉस्फेट पर बेस्ड हैं।स्कूटर का बड़ा आकर्षण स्मार्ट ब्रेक डाउन असिस्ट फंक्शन है जो राइडर्स को ब्रेकडाउन के दौरान आसानी से 25 किलोमीटर तक चलने में मदद करता है।स्कूटर पर 50,000 किमी या 36 महीने तक की वारंटी मिलती है.बेनलिंग बिलीव स्कूटर में एक स्वाइपेबल बैटरी मिलती है।यह एलएफपी बैटरी एक माइक्रो चार्जर और एक ऑटो कट-ऑफ सिस्टम के साथ आती है। बैटरी को करीब चार घंटे में फुल चार्ज किया जा सकता है।बीएलडीसी मोटर की क्षमता 3.2 केडब्ल्यूएच है और यह वाटरप्रूफ है। स्कूटर की टॉप स्पीड 75 किमी प्रति घंटा है और वजन 248 किलोग्राम है जो काफी ज्यादा है। इसके आगे और पीछे दोनों तरफ डिस्क ब्रेक दिए गए हैं। स्कूटर को एआरएआई/आईसीएटी द्वारा प्रमाणित किया गया है और कंपनी का कहना है कि इसे विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है। बेनलिंग इंडिया का कहना है कि बिलीव 5.5 सेकंड में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है.स्कूटर की फीचर लिस्ट में मल्टीपल स्पीड मोड, कीलेस स्टार्ट, पार्क असिस्ट फंक्शनलिटी, मोबाइल ऐप कनेक्टिविटी, रियल-टाइम ट्रैकिंग, मोबाइल चार्जिंग, रीजनरेटिव ब्रेकिंग और एक एंटी-थेफ्ट अलार्म शामिल हैं।बिलीव 250 किलोग्राम की क्लास लोडिंग क्षमता के साथ आता है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## युएफा महिला चैम्पियंस लीग खेलने वाली पहली भारतीय बनी मनीषा कल्याण



**नयी दिल्ली,** युवा स्ट्राइकर मनीषा कल्याण युएफा महिला चैम्पियंस लीग खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर बन गई जिन्होंने साइप्रस में यूरोपीय क्लब टूर्नामेंट में अपोलो लेडीज एफसी के लिये पदार्पण किया । कल्याण साइप्रस की मेरिलेना जार्जियू की जगह 60 मिनट में मैदान में उतरी । अपोलो लेडीज एफसी ने लाटविया के शीर्ष क्लब एसएफके रीगा को 3 . 0 से हराया । बीस वर्ष की कल्याण किसी विदेशी क्लब से करार करने वाली चौथी भारतीय महिला है । उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिये और भारतीय महिला लीग में गोकुलम केरल के लिये अच्छा प्रदर्शन किया था । उन्हें 2021 . 22 में एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर भी चुना गया । कल्याण ने ब्राजील के खिलाफ ब्राजील में ही एक अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में गोल करके सुर्खियां बंटोरी थी । अब अपोलो टीम का सामना 21 अगस्त को एफसी ज्यूरिख फाएन से होगा ।

# दूसरे एकदिवसीय में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी भारतीय टीम



**हरारे ।(एजेंसी)**

भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। पहले एकदिवसीय में भारतीय टीम ने मेजबान टीम को दस विकेटों से हराकर आसान जीत दर्ज की थी। जिम्बाब्वे की टीम किसी भी क्षेत्र में भारतीय युवा टीम के सामने टिक नहीं पायी थी। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सीरीज कब्जे में करना चाहेगी। वहीं मेजबानों का लक्ष्य किसी भी प्रकार यह मैच बचाना रहेगा। पहले एकदिवसीय में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाकर दस ओवर पहले ही भारतीय टीम को जीत दिला दी थी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का रहेगा जिससे उसे बल्लेबाजी के लिए पर्याप्त समय मिल सके हालांकि उछालभरी पिच पर तेज हवाओं के बीच रन बनाना आसान नहीं रहेगा। भारतीय टीम के ऑलराउंडर दीपक चाहर ने पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए थे। पहले मैच में धवन और शुभमन से पारी की शुरुआत जारी रखने वाले कप्तान लोकेश राहुल ने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया पर अब एशिया कप से पहले राहुल चाहेंगे कि इस मैच में उन्हें बल्लेबाजी का अवसर मिले। उन्हें पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति को अहम में लाना होगा। जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ राहुल के लिए यह अच्छा अवसर मौका है। वहीं इस मैच में युवा बल्लेबाज दीपक हुडा को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर उतारा जा सकता है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा रहे वीवीएस लक्ष्मण इस मैच में प्रयोग के साथ ही जीत चाहेंगे। धवन के लगी चोट अगर ठीक नहीं होती है तो ईशान किशन और राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। गेंदबाजी की कमान दीपक चाहर , प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज के पास रहेगी। दूसरी ओर मेजबानों की बात करें तो पहले मैच में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज नाकाम रहे थे। अब मेजबानों का लक्ष्य इस मैच में बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना रहेगा।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत :** लोकेश राहुल (कप्तान), शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुडा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर और शाहबाज अहमद।

**जिम्बाब्वे :** रेजिस चकाबवा (कप्तान), रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, ब्राडले इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, टी कैतानो, क्लाइव माडांडे, वेसली एम, टी मारूमानी, जान मसारा, टोनी मुनियोंगा, रिचर्ड एंगारावा, विक्टर एन, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, डोनाल्ड तिरिपानो।

# पाक ने नीदरलैंड को दूसरे एकदिवसीय मैच में भी हराया

### सीरीज में 2-0 की बढ़त मिली

**रॉटरडम ।(एजेंसी)**



पाकिस्तान ने मेजबान नीदरलैंड को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक की इस जीत में मोहम्मद रिजवान 69 और आगा सलमान 50 रनों के अलावा हारिस रऊफ के तीन विकेटों की अहम भूमिका रही। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 186 रन बनाये। इस प्रकार पाक को जीत के लिए 187 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने तीन विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पाक गेंदबाज नसीम शाह ने विक्रमजीत सिंह और वेस्ले बैरेसी को शुरुआत में ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद हैरिस ने मैक्स ओडाउड को एक रन पर ही आउट कर दिया। शुरुआत विकेट गिरने के बाद टॉम कूपर ने बास डी लीड के साथ साझेदारी कर 109 रन बनाये। कूपर ने 74 गेंदों पर सात चौकों और 2 छक्कों की सहायता से 66 रन बनाए, जबकि डी लीड ने 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए और स्कोर 186 तक पहुंचाया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने ने फखर जमान और इमाम उल हक के विकेट शुरुआत में ही खो दिये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम ने रिजवान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और तीसरे विकेट के लिए 88 रन बनाये। बाबर ने 57 रन बनाए। इसके बाद रिजवान ने सलमान के साथ मिलकर पाक टीम लक्ष्य तक पहुंचाया।

## मेडिसन कीस ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक को हराया




**मेसन ।** अमरीका की मेडिसन कीस ने वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6.3, 6.4 से हरा दिया। दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्वियातेक ने जून में फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से चार टूर्नामेंटों में अंतिम 16 से आगे प्रवेश नहीं किया है। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज कीस ने शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी के खिलाफ छह मैचों में पहली जीत दर्ज की है। अब उनका सामना विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना से होगा जिसने एलिसन रिस्के अमृतराज को 6.2, 6.4 से हराया। पिछली अमरीकी ओपन चैम्पियन और दसवीं वरीयता प्राप्त एम्मा राडुकानू को जेसिका पेगुला ने 7.5, 6.4 से मात दी। दो बार की चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 6.1, 4.6, 6.0 से हराया। पुरूष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने डेनिस शापोवालोव को 7.5, 7.5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।अब उनका सामना 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फिट्स से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 6.7, 6.2, 7.5 से हराया।

# भारत दौरे के लिए न्यूजीलैंड ए टीम की घोषणा, अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले 7 खिलाड़ी टीम में शामिल

**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) ।**



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारत दौरे के लिए ए टीम की घोषणा कर दी है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले सात खिलाड़ियों वाली ए टीम को सितंबर में लाल और सफेद गेंद के मैच के लिए भारत का दौरा करने के लिए चुना गया है। साल 2018 के पाकिस्तान ए के खिलाफ यूएई दौरे के बाद यह पहला मौका होगा जब न्यूजीलैंड ए टीम विदेश में खेलेगी। पूर्ण अंतर्राष्ट्रीय अनुभव वाले खिलाड़ियों के साथ टीम में पहली बार न्यूजीलैंड ए का प्रतिनिधित्व करने वाले पांच खिलाड़ियों चाड बोवेस, मैट फिशर, बेन लिस्टर, रॉबी ओ'डोनेल और जो वॉकर को भी शामिल किया गया है। वेलिंगटन फायरबर्ड्स के तेज गेंदबाज लोगान वैन बीक ने नीदरलैंड के साथ खेलने के बाद न्यूजीलैंड ए टीम में वापसी की। आईसीसी नियमों के साथ उन्हें दोनों पक्षों के लिए एक साथ खेलने की अनुमति दी गई। टॉम ब्रूस (सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स) और रॉबी ओ'डॉनेल (ऑकलैंड) को दौरे के लिए सह-कप्तान नामित किया गया है, जो शुक्रवार 26 अगस्त को रवाना होगा। न्यूजीलैंड ए ने आखिरी बार 2017 में भारत का दौरा किया था और इस यात्रा में एक समान संरचना होगी जिसमें क्रमशः तीन चार दिवसीय मैच और तीन एक दिवसीय मैच क्रमशः बैंगलोर और चेन्नई में होंगे। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गेविन लार्सन जो सहायक स्टाफ के हिस्से के रूप में टीम से बाहर होंगे, ने कहा कि यह दौरा खेल और कोचिंग समूह के लिए विकास के एक बड़े अवसर का प्रतिनिधित्व करेगा। लार्सन ने कहा, टूरिंग कैलेंडर पर ए फिक्स्चर वापस आना बहुत अच्छा है और टीम को विदेशी परिस्थितियों में खेलने के लिए और भी रोमांचक है।

**न्यूजीलैंड ए टीम :** टॉम ब्रूस (कप्तान), रोबी ओ डोनेल (कप्तान), चाड बोवेस, जो कार्टर, मार्क चैपमैन, डेन क्लीवर (विकेटकीपर), जैकब डफी, मैट फिशर, कैमरन फ्लेचर (विकेटकीपर), बेन लिस्टर, रचिन रवींद्र, माइकल रिपन, सीन सोलिया, लोगान वैन बीक और जो वॉकर।

## संक्षिप्त समाचार



### सचिन तेंदुलकर रविवार को मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे


**मुंबई ।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रविवार को मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे जो कोविड-19 के कारण ब्रेक के बाद वापसी करेगी। इसमें 13 हजार 500 से अधिक धावक भाग लेंगे। धावक तीन अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा पेश करेंगे। इसमें चार हजार से अधिक धावक 21के (किमी) वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। सात हजार धावक 10के और ढाई हजार धावक 5के वर्ग में हिस्सा लेंगे। हाफ मैराथन और 10 हजार मीटर की दौड़ के विजेताओं को सम्मानित करने वाले तेंदुलकर ने कहा, 'व्यायाम के रूप में दौड़ने के कई फायदे हैं, आपकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस दोनों के लिए।' उन्होंने कहा, 'जब से महामारी शुरू हुई है तब से फिटनेस पर ध्यान कई गुना बढ़ गया है और लोगों ने सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को महसूस किया है।' हाफ मैराथन बीकेसी के जियो गार्डन से शुरू और समाप्त होगी। हाफ-मैराथन (21के) सुबह पांच बजकर 15 मिनट पर, 10के दौड़ सुबह छह बजकर 20 मिनट पर और 5के दौड़ सुबह आठ बजे शुरू होगी। इसमें भारतीय नौसेना के दो हजार से अधिक धावक भी भाग लेंगे। हाफ मैराथन में सबसे उम्रदराज पुरुष प्रतिभागी 82 साल का होगा जबकि सबसे उम्रदराज महिला 72 साल की होगी। सबसे कम उम्र की धावक सात साल की लड़की और आठ साल का लड़का होगा जो दोनों 5के वर्ग में चुनौती पेश करेंगे।

### भारत के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेल पाएंगी हीथर नाइट, ये है वजह



**लंदन ।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट कूल्हे की सर्जरी के कारण अगले महीने भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगी। उनके साल के अंत तक क्रिकेट से दूर रहने की संभावना है। 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र से बाहर नाइट के अक्टूबर में होने वाली महिला बिग बैश लीग से भी बाहर होने की संभावना है। नाइट ने शुक्रवार को अस्पताल में अपनी तस्वीर के साथ ट्वीट किया, 'मेरे कूल्हे की सर्जरी हुई है। दुर्भाग्य से इसके कारण मैं भारत के खिलाफ श्रृंखला और महिला बिग बैश लीग से बाहर हो जाऊंगी लेकिन मेरा लक्ष्य साल के अंत तक वापसी करने का है। क्रिकेट से दूर रहने के समय का पूरा फायदा उठाना होगा और रिहैबिलिटेशन शुरू करना होगा।' यह 31 वर्षीय क्रिकेटर जुलाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान चोटिल हो गई थी। उन्हें श्रृंखला के दौरान दर्द कम करने के लिए कूल्हे के जोड़ों में इंजेक्शन लेने पड़े। नाइट बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए इंग्लैंड की टीम का हिस्सा थी लेकिन एक भी मैच नहीं खेलीं। नैट स्किवर ने इंग्लैंड की टीम की अगुआई की। टीम हालांकि स्वदेश में हुए इन खेलों में पदक जीतने में नाकाम रही। भारत और इंग्लैंड को 10 सितंबर से तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेलनी है।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे संस्करण में खेलेंगे गौतम गंभीर



**(एजेंसी)।**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शुक्रवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी दूसरे संस्करण में खेलने की पुष्टि की। गंभीर 2007 (टी20 वर्ल्ड कप) और 2011 (50 ओवर वर्ल्ड कप) में भारत की दो विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं। 2011 विश्व कप फाइनल में गंभीर के 97 रन वाली पारी अभी भी फैंस को याद होगी। गंभीर ने 147 एकदिवसीय और 37 टी20आई में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद सीमित ओवरों के क्रिकेट में 6000 से अधिक रन अपने नाम किए हैं। उन्होंने 2012 और 2014 में दो आईपीएल सीजन जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स का नेतृत्व किया था जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी। गंभीर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने 17 सितंबर से आगामी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में भाग लेने के लिए प्रतिबद्ध किया है। मैं एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर होने की प्रत्याशा में उत्साहित हूं। एक बार फिर से विश्व क्रिकेट की चमक के साथ मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात होगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा, 2011 विश्व कप फाइनल में 97 रन जीतकर गौतम के मैच को कौन भूलेगा? मुझे यकीन है कि प्रशंसक सीजन 2 में गौतम और अन्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों से उसी प्रदर्शन का अनुभव करने की उम्मीद कर रहे होंगे। इंडिया महाराजाओं और वर्ल्ड जायंट्स के बीच एक विशेष मैच 16 सितंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा और 17 सितंबर से लीजेंड्स लीग का दूसरा संस्करण शुरू होगा। भारत महाराजाओं का नेतृत्व सौरव गांगुली करेंगे जबकि वर्ल्ड जायंट्स की कप्तानी इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन करेंगे। इस मैच में 10 विदेशी देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। लीग अगले दिन 17 सितंबर 2022 से शुरू होगी जिसमें फ्रैंचाइजी प्रारूप में 4 टीमें लीजेंड्स लीग क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस सीजन में कुल 15 मैच खेले जाएंगे।

## भारतीय टीम ने बनाया सबसे ज्यादा जीत का रिकार्ड

**हरारे ।** भारतीय टीम ने मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। यह भारतीय टीम की जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार 13वीं एकदिवसीय जीत है। इसके साथ ही भारतीय टीम ने एकदिवसीय में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत का रिकार्ड अपने नाम किया है। भारतीय टीम एकदिवसीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले एक दशक से अजेय रही है। उसे अंतिम बार जून 2010 में जिम्बाब्वे ने हराया था। उसके बाद से ही भारतीय टीम ने अबतक जिम्बाब्वे के खिलाफ 13 मैच खेले हैं जिसमें सभी में उसे जीत मिली है। इससे पहले भारतीय टीम साल 1998 से 2004 के बीच बांग्लादेश के खिलाफ लगातार 12 एकदिवसीय मुकाबले जीती थी। टीम इंडिया की जीत में सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और शुभमन गिल की अहम भूमिका रही। इस जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम को इस विकेट से जीत दिलायी। शुभमन गिल और शिखर धवन की जोड़ी ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल करते ही आक्रामक रुख अपना लिया। इस जोड़ी ने 20वें ओवर में 100 रन की साझेदारी पूरी की। यह चार पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी है। इससे पहले, गिल और धवन की जोड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में 119 और फिर तीसरे एकदिवसीय में 113 रनों की साझेदारी की। इससे साफ है कि इन दोनो के रुप में भारत को एक और सफल सलामी जोड़ी मिली है। इसमें धवन जहां अनुभवी हैं , वहीं शुभमन नये हैं।



## एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश के कोच बने श्रीधरन श्रीराम



**ढाका ।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत के पूर्व हरफनमौला श्रीधरन श्रीराम को आगामी एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिये राष्ट्रीय टीम का कोच बनाया है। रिपोर्ट में बीसीबी के एक निदेशक के हवाले से श्रीराम की नियुक्ति की पुष्टि की गई है। इसमें कहा गया, 'हां हमने विश्व कप तक श्रीराम को कोच नियुक्त किया है।' इसमें आगे कहा गया, 'हम ताजा सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं और नए कोच की नियुक्ति एशिया कप से की गई है। उन्होंने कहा, टी20 विश्व कप हमारा प्रमुख लक्ष्य है और इसके लिये एशिया कप से पहले नियुक्ति जरूरी है ताकि उन्हें पूरा समय मिल जाए।' श्रीराम ने 2000 से 2004 के बीच भारत के लिए आठ वनडे खेले और ऑस्ट्रेलिया के सहायक और स्पिन गेंदबाजी कोच भी रहे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कोच डेरेन लीमैन के मार्गदर्शन में श्रीराम को 2016 में स्पिन गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# स्टुअर्ट ब्रॉड का लॉर्ड्स में 100वां टेस्ट विकेट

### गेंदबाजों के इस खास क्लब में हुए शामिल



**लंदन ।(एजेंसी)**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड लॉर्ड्स में 100 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इसी के साथ ही वह तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के क्लब में शामिल हो गए हैं। इस दौरान एंडरसन भी इस उपलब्धि के लिए ब्रॉड का स्वागत करने के लिए मैदान पर थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन 36 वर्षीय ब्रॉड ने काइल वेरेने का विकेट लेकर 100 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। प्रोटियाज ने हालांकि मैच में कमांडिंग लीड ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मेजबान टीम को दूसरे दिन लंच से पहले 45 ओवरों में 165 रनों पर आउट कर दिया और फिर 124 रन की बढ़त के लिए 289/7 का स्कोर बनाया। ब्रॉड रिकॉर्ड के साथ एक ही स्थान पर 100 टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे व्यक्ति बन गए उन्होंने अपने साथी के साथ-साथ श्रीलंकाई जोड़ी मुथैया मुरलीधरन और रंगना हेराथ के साथ एक विशेष समूह में प्रवेश किया। मुरलीधरन ने आईसीसी के अनुसार तीन स्थानों गाले, कैंडी और कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में यह उपलब्धि हासिल की है। ब्रॉड के लिए खेल में यह उपलब्धि सिर्फ एक और उपलब्धि है, जो अब तक की टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में ग्लेन मैक्ग्रा के पांचवें स्थान पर पहुंच रही है। ब्रॉड, 553 स्कैलप के साथ, अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी की बराबरी करने से 10 विकेट दूर हैं और मौजूदा श्रृंखला के अंत तक उन्हें अच्छी तरह से पास कर सकते हैं।

**एक ही स्थान पर 100 टेस्ट विकेट लेने वाले खिलाड़ी**

- मुथैया मुरलीधरन - सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड, कोलंबो - 166
- मुथैया मुरलीधरन - असगिरिया स्टेडियम, कैंडी - 117
- जेम्स एंडरसन - लॉर्ड्स, लंदन - 117 अब तक
- मुथैया मुरलीधरन - गाले इंटरनेशनल स्टेडियम, गाले - 111
- रंगना हेराथ -- गाले इंटरनेशनल स्टेडियम, गाले - 102
- स्टुअर्ट ब्रॉड - लॉर्ड्स, लंदन - अब तक 100

## कुंबले को अब कोच नहीं रखेगी पंजाब किंग्स , बेलिस बन सकते हैं नये कोच

**नई दिल्ली ।** पंजाब किंग्स टीम भी आईपीएल के अगले सत्र के लिए नये कोच की तलाश में है। पंजाब अब दिग्गज खिलाड़ी अनिल कुंबले को कोच के तौर पर बरकरार नहीं रखना चाहती है। इसी कारण उनका अनुबंध भी नहीं बनाया गया है। पंजाब किंग्स ने आज तक एक बार भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। टीम साल 2014 के संस्करण के बाद से ही अब तक आईपीएल के प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पायी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम के साथ कुंबले का अनुबंध सितंबर तक का है। वहीं अब फ्रेंचाइजी इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व खिलाड़ी ऑयन मॉर्गन के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कोच ट्रेवर बेलिस से भी संपर्क किया है। वहीं मुख्य कोच के लिए भारतीय टीम के एक पूर्व कोच से भी संपर्क किये जाने की बात सामने आयी है। फ्रेंचाइजी एक सप्ताह के भीतर नई नियुक्ति करना चाहती है। मॉर्गन को कोचिंग का भी कोई अनुभव नहीं है। ऐसे में उन्हें कोच बनाने की उम्मीद बेहद कम है। बेलिस हालांकि कोच बनने के लिए योग्य उम्मीदवार नजर आते हैं। उनके कोच रहते ही इंग्लैंड ने विश्व कप जीता था। बेलिस कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ कोच के तौर पर रहे हैं। बेलिस ने केकेआर के साथ दो बार आईपीएल ट्रॉफी भी जीती थी। कुंबले आईपीएल 2022 से पहले पंजाब किंग्स पहुंचे थे। फ्रेंचाइजी उनकी कोचिंग में किसी सत्र में भी लीग चरण से आगे नहीं बढ़ सकी। कुंबले की कोचिंग में टीम ने 42 मैच खेले हैं, जिनमें से सिर्फ 19 में ही जीत हासिल कर पाई थी। पीबीकेएस ने काफी हद तक आईपीएल में संघर्ष किया है और 2014 के बाद से कोई प्लेऑफ मैच नहीं खेला है.

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## मशरूम की खेती

**मशरूम की खेती हजारों वर्षों से विश्वभर में भोजन और औषध दोनों ही रूपों में रही है। ये पोषण का भरपूर स्रोत हैं और स्वास्थ्य खाद्यों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। मशरूमों में वसा की मात्रा बिल्कुल कम होती हैं, विशेषकर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तुलना में, और इस वसायुक्त भाग में मुख्यतया लिनोलिक अम्ल जैसे असंतप्तिकृत वसायुक्त अम्ल होते हैं, ये स्वस्थ ह्दय और ह्दय संबंधी प्रक्रिया के लिए आदर्श भोजन हो सकता है।**



# मशरूम उत्पादन तकनीकी



पहले, मशरूम का सेवन विश्व के विशिष्ट प्रदेशों और क्षेत्रों तक ही सीमित था पर वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियों के बीच संप्रेषण और बढ़ते हुए उपभोक्तावाद ने सभी क्षेत्रों में मशरूमों की पहुंच को सुनिश्चित किया है। मशरूम तेजी से विभिन्न पाक पुस्तक और रोजमर्रा के उपयोग में अपना स्थान बना रहे हैं। एक आम आदमी को रसोई में भी उसने अपनी जगह बना ली है। उपभोग की चालू प्रवृत्ति मशरूम निर्यात के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाती है।

### भारत में मशरूम की प्रजातियां

भारत में उगने वाले मशरूम की दो सर्वाधिक आम प्रजातियां वाईट बटन मशरूम और ऑयस्टर मशरूम है। हमारे देश में होने वाले वाईट बटन मशरूम का ज्यादातर उत्पादन मौसमी है। इसकी खेती परम्परागत तरीके से की जाती है। सामान्यता, अपॉश्चयरीकृत कूडा खाद का प्रयोग किया जाता है, इसलिए उपज बहुत कम होती है। तथापि पिछले कुछ वर्षों में बेहतर कृषि-विज्ञान पदधातियों की शुरूआत के परिणामस्वरूप मशरूमों की उपज में वृद्धि हुई है।

### आम वाईट बटन मशरूम

आम वाईट बटन मशरूम की खेती के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता है। अन्य कारकों के अलावा, इस प्रणाली के लिए नमी चाहिए, दो अलग तापमान चाहिए अर्थात पैदा करने के लिए अथवा प्रोहण वृद्धि के लिए (स्पॉन रन) 220-280 डिग्री से, प्रजनन अवस्था के लिए (फल निर्माण) ~ 150-180 डिग्री से; नमी~ 85-95 प्रतिशत और पर्याप्त संवातन सब्स्ट्रेट के दौरान मिलना चाहिए जो विसंक्रमित हैं और अत्यंत रोगाणुरहित परिस्थिति के तहत उगाए न जाने पर आसानी से संदूषित हो सकते हैं। अत~100 डिग्री से. पर वाष्पन (पास्तुरीकरण) अधिक स्वीकार्य है।



### ऑएस्टर मशरूम

प्लयूरोटस, ऑएस्टर मशरूम का वैज्ञानिक नाम है। भारत के कई भागों में, यह ढींगरी के नाम से जाना जाता है। इस मशरूम की कई प्रजातिया है उदाहणार्थ ~ प्लयूरोटस ऑस्टरीयटस, पी सजोर-काजू, पी. फ्लोरिडा, पी. सैपीडस, पी. फ्लैबेलैटस, पी एरीनजी तथा कई अन्य भोज्य प्रजातियां। मशरूम उगाना एक ऐसा व्यवसाय है, जिसके लिए अध्यवसाय धैर्य और बुद्धिसंगत देख-रेख जरूरी है और ऐसा कौशल चाहिए जिसे केवल बुद्धिसंगत अनुभव द्वारा ही विकसित किया जा सकता है।

प्लयूरोटस मशरूमों की प्रोहण वृद्धि (पैदा करने का दौर) और प्रजनन चरण के लिए 200-300 डिग्री का तापमान होना चाहिए। मध्य समुद्र स्तर से 1100-1500 मीटर की ऊचांई पर उच्च तुंगता पर इसकी खेती करने का उपयुक्त समय मार्च से अक्तूबर है, मध्य समुद्र स्तर से 600-1100 मीटर की ऊचांई पर मध्य तुंगता पर फरवरी से मई और सितंबर से नवंबर है और समुद्र स्तर से 600 मीटर नीचे की निम्न तुंगता पर अक्तूबर से मार्च है।

### आवश्यक सामान

धान के तिनके - फफूंदी रहित ताजे सुनहरे पीले धान के तिनके, जो वर्षा से बचाकर किसी सूखे स्थान पर रखे गए हो।

400 गेज के प्रमाप की मोटाई वाली प्लास्टिक शीट - एक ब्लाक बनाने के लिए 1 वर्ग मी. की प्लास्टिक शीट चाहिए।

लकड़ी के सांचे - 45.30.15 से. मी. के माप के लकड़ी के सांचे, जिनमें से किसी का भी सिरा या तला न हो, पर 44.29 से. मी. के आयाम का एक अलग लकड़ी का कवर हो।

तिनकों को काटने के लिए गंडासा या भूसा कटर।

उबालने के लिए ड्रम (कम से कम दो)

जूट की रस्सी, नारियल की रस्सी या प्लास्टिक की रस्सियां

### टाट के बोरे

स्पान अथवा मशरूम जीवाणु जिन्हें सहायक रोगविज्ञानी, मशरूम विकास केन्द्र, से प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

### एक स्प्रेयर कैसे करें

कूड़ा खाद बनाने के लिए अन्न के तिनकों (गेंहू, मक्का, धान, और चावल), मक्कई की डंडिया, गन्ने की कोई जैसे किसी भी कृषि उपोत्पाद अथवा किसी भी अन्य सेल्यूलोस अपशिष्ट का उपयोग किया जा सकता है। गेंहू के तिनकों की फसल ताजी होनी चाहिए और ये चमकते सुनहरे रंग के हो तथा इसे वर्षा से बचा कर रखा गया है। ये तिनके लगभग 5-8 से. मी. लंबे टुकडों में होने चाहिए अन्यथा लंबे तिनकों से तैयार किया गया ढेर कम सघन होगा जिससे अनुचित किण्वन हो सकता है। इसके विपरीत, बहुत छोटे तिनके ढ़ेर को बहुत अधिक सघन बना देंगे जिससे ढ़ेर के बीच तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाएगा जो अनएरोबिक किण्वन में परिणामित होगा।

### कूड़ा खाद तैयार करना

गेंहू के तिनके अथवा उपर्युक्त सामान में से सभी में सूल्यूलोस, हेमीसेल्यूलोस और लिगनिन होता है, जिनका उपयोग कार्बन के रूप में मशरूम कवक वर्धन के लिए किया जाता है। ये सभी कूडा खाद बनाने के दौरान माइक्रोफ्लोरा के निर्माण के लिए उचित वायुमिश्रण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सबस्टूटे को भौतिक ढांचा भी प्रदान करता है। चावल और मक्कई के तिनके अत्यधिक कोमल होते है, ये कूडा खाद बनाने के समय जल्दी से अवक्रमित हो जाते हैं और गेंहू के तिनकों की अपेक्षा अधिक पानी सोखते हैं।

अत~, इन सबस्टूट्स का प्रयोग करते समय प्रयोग किए जाने वाले पानी की प्रमात्रा, उलटने का समय और दिए गए संपूरकों की दर और प्रकार के बीच समायोजन का ध्यान रखना चाहिए। चूंकि कूड़ा खाद तैयार करने में प्रयुक्त उपोत्पादों में किण्वन प्रक्रिया के लिए जरूरी नाइट्रोजन और अन्य संघटक, पर्याप्त मात्रा में नहीं होते, इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, यह मिश्रण नाइट्रोजन और कार्बोहाइड्रेट्स से संपूरित किया जाता है।

### स्पानिंग

स्पानिंग अधिकतम तथा सामयिक उत्पाद के लिए अंडों का मिश्रण है। अण्डज के लिए अधिकतम खुराक कम्पोस्ट के ताजे भार के 0.5 तथा 0.75 प्रतिशत के बीच होती है। निम्नतर दरों के फलस्वरूप माइसीलियम का कम विस्तार होगा तथा रोगों एवं प्रतिद्वान्द्वियों के अवसरों में वृद्धि होगी उच्चतर दरों से अण्डज की कीमत में वद्धि होगी तथा अण्डज की उच्च दर के फलस्परूप कभी-कभी कम्पोस्ट की असाधारण ऊष्मा हो जाती है।

ए बाइपोरस के लिए अधिकतम तापमान 230 से (+) (-) 20 से./उपज कक्ष में सापेक्ष आर्द्रता अण्डज के समय 85-90 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।

### कटाई

थैले को खोलने के 3 से 4 दिन बाद मशरूम प्रिमआर्डिया रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। परिपक्व मशरूम अन्य 2 से 3 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। एक औसत जैविक कारगरहा (काटे गए मशरूम का ताजा भार जिसे एयर ड्राई सबट्रेट द्वारा विभक्त किया गया हो ङ्ग100) 80 से 150 प्रतिशत के बीच हो सकती है और कभी-कभी उससे ज्यादा। मशरूम को काटने के लिए उन्हें जल से पकड़ा जाता है तथा हल्के से मरोड़ा जाता है तथा खींच लिया जाता है। चाकू का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मशरूम रेफ्रीजेरेटर में 3 से 6 दिनों तक जाता बना रहता है।

### मशरूम गृह/कक्ष

क्यूब तैयार करने का कक्ष

एक आदर्श कक्ष आर.सी.सी. फर्श का होना चाहिए, रोशनदानयुक्त एवं सूखा होना चाहिए। लकड़ी के ढांचे को रखने, क्यूब एवं अन्य आर.सी.सी. चबूतरा के लिए कक्ष के अंदर 2 सेमी ऊंचा चबूतरा बनाया जाना चाहिए, ऐसा भूसे के पाश्चुरीकृत थैलों को बाहर निकालने की आवश्यतानुसार होना चाहिए। जिन सामग्रियों के लिए क्यूब को बनाने की आवश्यकता है, उन्हें कक्ष के अंदर रखा जाना चाहिए। क्यूब को तैयार करने वाले व्यक्तियों को ही कमरे के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### उठयमान कक्ष

उण्डजों के संचालन के लिए कमरा यह कमरा आरसीसी भवन अथवा आसाम विस्म (घर में कोई अलग कमरा) का कमरा होना चाहिए तथा खण्डों को रखने के लिए तीन स्तरों में साफ छेद वाले बांस की आलमारी लगाई जानी चाहिए। पहला स्तर जमीन से 100 सेमी ऊपर होना चाहिए तथा दूसरा स्तर कम से कम 60 सेमी ऊंचा होना चाहिए।

### फसल कक्ष

एक आदर्श गृह/कक्ष आर.सी.सी. भवन होगा जिसमें विधिवत उष्मारोधन एवं कक्ष को ठंडा एवं गरम करने का प्रावधान स्थापित किया गया होगा। तथापि बांस, थप्पर तथा मिट्टी प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल करते हुए स्वदेशी अल्प लागत वाले घर की सिफारिश की गई है। मिट्टी एवं गोबर के समान मिश्रण वाले स्पिलिट बांस की दीवारें बनाई जा सकती है।

कच्ची ऊष्मारोधक प्रणाली का प्रावधान करने के लिए घर के चारों ओर एक दूसरी दीवार बनाई जाती है जिसमें प्रथम एवं दूसरी दीवार के मध्य 15 सेमी का अंत्तर रखा जाता है। बाहरी दीवार के बाहरी तरफ मिट्टी का पलास्टर किया जाना चाहिए। दो दीवारों के मध्य में वायु का स्थान ऊष्मा रोधक का कार्य करेगा क्योंकि वायु ऊष्मा का कुचालक होती है। यहां तक कि एक बेहतर ऊष्मारोधन का प्रावधान किया जा सकता है यदि दीवारों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से सूखे 8 ए छप्पर से भर दिया जाए। घर का फर्श वरीयत~ सीमेंट का होना चाहिए किन्तु जहां यह संभव नही है, अच्छी तरह से कूटा हुआ एवं प्लास्टरयुक्त मिट्टी का फर्श पर्याप्त होगा। तथापि, मिट्टी की फर्श के मामले में अधिक सावधानी बरतनी होगी।

### प्रणाली

छत मोटे छापर की तहो अथवा वरीयत~ सीमेंट की शीटों की बनाई जानी चाहिए। छप्पर की छत से अनावश्यक सामग्रियों के संदूषण से बचने के लिए एक नकली छत आवश्यक है। प्रवेश द्वार के अलावा, कक्ष में वायु के आने एवं निकलने के लिए कमरे के आयु एंव पश्च भाग के ऊपर एवं नीचे दोनों तरफ से रोशनदानों का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। घर तथा कक्षा ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ बांस के खम्भों के ढांचो का होना चाहिए जो ऊष्मायन अवधि के उपरान्त खंडों को टांगने के लिए अपेक्षित है।

अनुप्रस्थ खम्भों को ऊष्मायन आलमारी के रूप में 3 स्तरीय प्रणाली में व्यवस्थित किया जा सकता है। खम्भे वरीयत~ दीवारों से 60 सेमी दूर तथा तीनों स्तरों की प्रत्येक पंक्ति के बीच में होने चाहिए, 1 सेमी की न्यूनतम जगह बनाई रखी जानी चाहिए। 3.0ङ्ग2.5ङ्ग2.0 मी. का फसल कक्ष 35 से 40 क्यूबों को समायोजित करेगा।

### विधि

भूसे को हाथ के यंत्र से 3-5 सेमी लम्बे टुकडों में काटिए तथा टाट की बोरी में भर दीजिए। एक ड्रम में पानी उबालिए। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो भूसे के साथ टाट की बोरी को उबलते पानी में रख दीजिए तथा 15-20 मिनट तक उबालिए। इसके पश्चात फेरी को ड्रम से हटा लीजिए तथा 8-10 घंटे तक पड़े रहने दीजिए ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए तथा चोकर को ठंडा होने दीजिए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि ब्लॉक बनाने तक थैले को खुला न छोड़ा जाए क्योंकि ऐसा होने पर उबला हुआ चोकर संदूषित हो जाएगा। हथेलियों के बीच में चोकर को निचोड़कर चोकर की वांछित नमी तत्व का परीक्षण किया जा सकता है तथा सुनिश्चित कीजिए कि पानी की बूंदे चोकर से बाहर न निकलें।

चोकर के पाश्चुरीकृत का दूसरा तरीका भापन है। इस तरीके के लिए ड्रम में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता होती है (ड्रम के ढक्कन में एक छोटा छेद कीजिए तथा चोकर को उबालते समय रबर की ट्यूब से ढक्कन के चारों ओर सील लगा दीजिए) टुकड़े-डुकड़े किए गए चोकर को पहले भिगो दीजिए तथा अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाए। ड्रम में कुछ पत्थर डाल दीजिए तथा पत्थर के स्तर तक पानी उड़ेलिए।

बांस की टोकरी में रखकर गीले चोकर को उबाल दें तथा ड्रम के अंदर पत्थर के ऊपर टोकरी को रख दें। ड्रम के ढक्कन को बंद कर दें तथा रबर की ट्यूब से ढक्कन की नेमि को सील कर दीजिए। उबले हुए पानी से उत्पन्न भाप चोकर से गुजरते हुए इसे पाश्चुरीकृत करेगी। उबालने के बाद चोकर को पहले से कीटाणुरहित किए गए बोरी में स्थानांतरित कर दिजिए तथा 8-10 घंटे तक इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दीजिए।

### अब क्या करें

लकड़ी का एक सांचा लीजिए तथा चिकने फर्श पर रख दीजिए। पटसून की दो रस्सियों ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ रूप में रख दीजिए। प्लास्टिक की शीट से अस्तर लगाइए जिसे पहले उबलते पानी में डुबोकर कीटाणुरहित किया गया है।

5 सेमी. के उबले चोकर को भर दीजिए तथा लकड़ी के ढक्कन की मदद से इसे सम्पीडित कीजिए तथा पूरी सतह पर स्पान को छिड़किए।

स्पानिंग की प्रथम तह के उपरान्त 5 सेमी का अन्य चोकर रखिए तथा सतह पर पुन~ स्थान का छिड़काव करें तथा प्रथम तह में किए गए की तरह इसे सम्पीडित कीजिए। इस प्रकार तह पर स्पान को 4 से 6 तह तक के लिए तब तक छिड़किए जब तक चोकर सांचे के शीर्ष के स्तर तक न आ जाए। एक (1) एक पैकेट स्पान का इस्तेमाल 1 क्यूब अथवा ब्लाक के लिए किया जाना चाहिए।

### आगे क्या करें

अब प्लास्टिक की शीट सांचे की शीर्ष पर मोडी जाए प्लास्टिक के नीचे पहले रखी गई पटसून की रस्सियों से उसे बांध दिया जाए।

बांधने के उपरांत सांचे को हटाया जा सकता है तथा चोकर का आयताकार खंड पीछे बच जाता है।

वायु के लिए खंड के सभी तरफ छेद (2 मिमी व्यास) बनायें।

ऊष्मायन कक्ष में ब्लॉक को रख दीजिए उन्हें सरल तह में एक दूसरे के बगल रखा जाए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि उन्हें फर्श पर अथवा एक दूसरे के शीर्ष पर सीधे न रखा जाए क्योंकि इससे अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न होगी।

ब्लॉक का तापमान 250 से. पर रखा जाए। ब्लॉक के छिद्रों में एक तापमापक डालकर इसे नोट किया जा सकता है। यदि तापमान 250 से. से ऊपर जाता है तो कमरे में गैस भरने की सलाह दी जाती है। तथा यदि तापमान में गिरवाट आती है, तो कमरे को धीरे-धीरे गर्म किया जाना चाहिए।

### यह भी करें

पूरे पयाल में फैलने के लिए स्पान को 12 से 15 दिन लगता है तथा जब पूरा ब्लॉक सफेद हो जाए तो यह निशान है कि स्पान संचालन पूरा हो गया है।

अण्डज परिपालन के उपरांत ब्लॉक से रस्सी तथा प्लास्टिक की शीट को हटा दीजिए। नारियल की रस्सी से ब्लॉक को अनुप्रस्थ रूप में बांध दीजिए तथा इसे फसल कक्ष में लटका दीजिए। इस अवस्था से आगे कमरे की सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसे दीवारों तथा कमरे की फर्श पर जल छिड़क करके समय-समय पर किया जा सकता है। यदि फर्श सीमेंट का है, तो सलाह दी जाती है कि फर्श पर पानी डालिए ताकि फर्श पर हमेश पानी रहे। यदि खंड हल्का से सूखने का लक्षण जिससे लगे तो स्प्रेयर के माध्यम से स्प्रे किया जा सकता है।

एक सप्ताह से 10 दिन के भीतर ब्लॉक की सतह पर छोटे-छोटे पिन शीर्ष दिखाई पड़ेगे तथा ये एक या दो दिन के भीतर पूरे आकार के मशरूम हो जाएंगे।

### उपज

मशरूम प्रवाह में दिखाई पड़ते है। एक क्यूब से लगभग 2 से 3 प्रवाह काटे जा सकते है। प्रथम प्रवाह की उपज ज्यादा होती है तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा एक क्यूब से 1.5 किग्रा से 2 किग्रा तक के ताजे मशरूम की कुल उपज प्राप्त होती है। इसके बाद क्यूब को छोड़ दिया जाता है तथा फसल कक्ष से काफी दूर पर स्थित एक गड्ढे में पाट दिया जाता है अथवा बगीचे अथवा खेत में खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### परिरक्षण

मशरूम को ताजा खाया जा सकता है अथवा इसे सुखाया जा सकता है। चूंकि वे शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाले प्रकृति के होते हैं तो आगे के इस्तेमाल अथवा दूरस्थ विपणन के लिए उनका परिरक्षण आवश्यक है। ओयेस्टर मशरूम को परिरक्षित करने का सबसे पुराना एवं सस्ता तरीका है धूप में सुखाना।

गर्म हवा में सुखाना कारगर उपयोग है जिसके द्वारा मशरूम को डिहाइड्रेटर (स्थानीय रूप से तैयार उपस्कर) नामक उपस्कर में सुखाया जाता है मशरूम को एक बंद कमरे में लगे हुए तार के जाल से युक्त रैक में रखा जाता है तथा गर्म हवा (500 से 550 से) 7-8 घंटे तक रैक के माध्यम से गुजरती है।

मशरूम को सुखाने के बाद इसे वायुसह डिब्बे में स्टोर किया जाता है अथवा 6-8 माह के लिए पोलीबैग में सील कर दिया जाता है। पूरी तरह से सोखने के उपरांत मशरूम अपने ताजे वजन से कम होकर एक से घट कर तैरहवां भाग रह जाता है जो सुरक्षा के आधार पर अलग-अलग होता है। मशरूम को ऊष्ण जल में भिगोकर आसानी से पुन~जलित किया जा सकता है।

### रोग एवं कीट

यदि मशरूम की देखभाल न की जाए तो अनेक रोग एवं पीट इस पर हमला कर देते हैं।

### रोग

हरी फफूंद (ट्राइकोडर्मा विरिडे) ~ यह कस्तूरा कुकुरमुत्ते में सबसे अधिक सामान्य रोग है जहां क्यूबों पर हरे रंग के धब्बे दिखाई पड़ते है।

नियंत्रण ~फॉर्मालिन घोल में कपड़े को डुबोइए (40 प्रतिशत) तथा प्रभावित क्षेत्र को पोंछ दीजिए। यदि फफूंदी आधे से अधिक क्यूब पर आक्रमण करती है तो सम्पूर्ण क्यूब को हटा दिया जाना चाहिए। इस बात की सावधानी रखी जानी चाहिए कि दूषित क्यूब को पुनर्संक्रमण से बचाने के लिए फसल कक्ष से काफी दूर स्थान पर जला दिया जाए अथवा दफना दिया जाए।

### कीट

मक्खियां ~देखा गया है कि स्कैरिड मक्खियां, फोरिड मक्खियां, सेसिड मक्खियां कुकुरमुत्ते तथा स्पॉन की गंध पर हमला करती हैं। वे भूसी अथवा कुकुरमुत्ते अथवा उनसे पैदा होने वाले अण्डों पर अण्डे देती हैं तथा फसल को नष्ट कर देती हैं। अण्डे माइसीलियम, मशरूम पर निर्वाह करते हैं एवं फल पैदा करने वाले शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं तथा यह उपभोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है।

नियंत्रण ~ फसल की अवधि में बड़ी मक्खियों के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों, खिडकियों अथवा रोशनदानों पर पर्दा लगा दीजिए यदि कोई, 30 मेश नाइलोन अथवा वायर नेट का पर्दा। मशरूम गृहों में मक्खीदान अथवा मक्खियों को भगाने की दवा का इस्तेमाल करें।

कुटकी ~ ये बहुत पतले एवं रेंगने वाले छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो कुकुरमुत्ते के शरीर पर दिखाई देते हैं। वे हानिकारक नहीं होते है, किन्तु जब वे बड़ी संख्या में मौजूद होते है तो उत्पादक उनसे चिंतित रहता है।

नियंत्रण ~घर तथा पर्यावरण को साफ सुथरा रखें।

शम्बूक, घोंघा ~ ये पीट मशरूम के पूरे भाग को खा जाते हैं जो बाद में संक्रमित हो जाते हैं तथा वैक्टीरिया फसल के गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

नियंत्रण ~ क्यूब से पीटों को हटाइए तथा उन्हें मार डालिए। साफ सुथरी स्थिति को बनाये रखें।

### अन्य कीटाणु

5.कृन्तक ~ कृन्तकों का हमला ज्यादातर अल्प कीमत वाले मशरूम हाउसों पर पाया जाता है। वे अनाज की स्पॉन को खाते हैं तथा क्यूबों के अंदर छेद कर देते हैं।

नियंत्रण ~मशरूम गृहों में चूहा विष चारे का इस्तेमाल करें। चूहों की बिलों को कांच के टुकडों एवं पलास्टर से बंद कर दें।



### इन बातों का भी रखें ध्यान

जब फल बनना शुरू होता है तो हवा की जरूरत बढ़ जाती है। अत~जब एक बार फल बनना शुरू हो जाता है तो आवश्यक है कि हर 6 से 12 घण्टो बाद कमरे के सामने और पीछे दिए गए वेंटीलेटर खोलकर ताजी हवा अंदर ली जाए।

जब आवरणों की परिधि ऊपर की ओर मुड़ना शुरू हो जाती है तो फल काया (मशरूम) तोड़ने के लिए तैयार हो जाते है। ऐसा जाहिर होगा क्योंकि छोटी-छोटी सिलवटें आवरण पर दिखाई पड़ने लगती है। मशरूम को काटने के लिए अंगूठे एवं तर्जनी से आधार पर डाल को पकड़ लीजिए तथा हल्के क्लाकवाइज मोड़ से पुआल अथवा किसी छोटे मशरूम उत्पादन को विक्षोभित किए बिना मशरूम को डाल से अलग कर लीजिए। काटने के लिए चाकू अथवा कैंची का इस्तेमाल मत करें। एक सप्ताह के बाद ब्लॉक में फिर से फल आने शुरू हो जाएंगे।



## पनबिजली परियोजनाओं के लिए नेपाल और भारत के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

काठमांडू। नेपाल के निवेश बोर्ड (आईबीएन) और भारत के एनएचपीसी लिमिटेड ने नेपाल में 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन की संयुक्त क्षमता वाली दो बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। आईबीएन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुशील भट्ट और एनएचपीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अभय कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर नेपाल के वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा, उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री दिलेन्द्र प्रसाद बदु और ऊर्जा मंत्री पम्फा भूषल मौजूद थे। पनबिजली के लिए नेपाल और भारत के बीच हुआ यह सबसे बड़ा एमओयू है। वेस्ट सेती पनबिजली (750 मेगावाट) और सेती नदी 6 पनबिजली परियोजना पर संयुक्त रूप से 2.1 अरब डॉलर का खर्च आएगा।

## उत्तरी कैलिफोर्निया में हवाई अड्डे पर उतरते समय दो विमानों की टक्कर में दो लोगों की मौत

कैलिफोर्निया (अमेरिका)। उत्तरी कैलिफोर्निया में स्थानीय हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश करते समय दो विमानों के बीच बृहस्पतिवार को टक्कर हो गई, जिससे विमान में सवार तीन लोगों में से कम से कम दो की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वॉट्सनविले शहर ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर बताया कि 'वॉट्सनविले म्यूनिसिपल एयरपोर्ट' पर दोपहर तीन बजे से कुछ समय पहले यह हादसा हुआ। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के अनुसार, हादसे के दौरान दो इंजन वाले 'सेसना 340' में दो लोग सवार थे और एकल इंजन वाले 'सेसना 152' में केवल पायलट सवार था। हताहत हुए लोगों का आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। विमानों के हवाई अड्डे पर उतरते समय यह हादसा हुआ। हवाई अड्डे पर हालांकि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। एफएए और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड मामले की जांच कर रहे हैं।

## जपानी सरकार ने लोगों से कहा, खूब शराब पीओ, ताकि आ सके राजस्व

टोक्यो । जापान में युवाओं से आह्ववान किया गया है, कि वह जमकर शराब पीए, ताकि अर्थव्यस्था को गति मिल सके। देश में कैंपेन सेक वीवा शुरू हुआ किया गया, ताकि जापानी नौजवान ज्यादा शराब पीने के प्रति आकर्षित हों। इस आइडिया के पीछे जापान की नेशनल टैक्स एजेंसी काम कर रही है. एजेंसी ने एक नेशनल लेवल का कॉम्पीटिशन भी शुरू किया है। इस कॉम्पीटिशन में 20 से 39 साल की उम्र के बीच के लोगों से बिजनेस आइडिया मांगए गए हैं जिससे शराब की खपत बढ़ सके। जापानी लोगों से आह्वान किया गया है, वे आगे आएं आइडिया दें ताकि जो वर्तमान ट्रेंड है उस चेंज किया जा सके। जिस ग्रुप ने टैक्स एजेंसी के लिए इस कॉम्पीटिशन की शुरुआत की है, एजेंसी ने बताया कोरोना के बाद लोगों की आदत में कई बदलाव हुए हैं। जिन लोगों की उम्र बढ़ रही है, उन लोगों ने शराब पीना कम किया है। हालांकि, कैंपेन को लेकर कई लोग सहमत नहीं दिख रहे हैं। कुछ लोग कदम की आलोचना कर रहे हैं। इन लोगों ने कहा ये अनहेल्दी आदत है। वहीं कई लोग हैं जो इस कॉम्पीटिशन में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वे अपने आइडिया भी शेयर कर रहे हैं। जापान में शुरू हुआ ये कॉम्पीटिशन सितंबर के अंत तक चलेगा। इसके अंतर्गत लोग अपने आइडिया दे सकते हैं। जो भी व्यक्ति सबसे बेहतरीन आइडिया देगा, उसे एक्सपर्ट डेवलप करने वाले हैं। इसके बाद नवम्बर में प्रपोजल पेश किया जाएगा।

## 37 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था विमान, 25 मिनट तक सोते रहे दो पायलट

अदीस अबाबा । अक्सर हम कार, ट्रक, बस और अन्य दूसरी गाड़ियों के ड्राइवरों के गाड़ी चलाते समय सो जानें या फिर उन्हें झपकी आने की खबरें सुनते हैं। लेकिन क्या आपने कभी प्लेन के पायलट के प्लेन उड़ाते समय सो जाने की खबर सुनी है। ऐसी ही हैरान करने देने वाली घटना इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है। दक्षिण अफ्रीका में यह घटना उस समय हुई जब जहाज 37 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। किसी भी प्लेन में दो पायलट मौजूद होते हैं। जब एक को नींद या झपकी आती है, तब दूसरा पायलट प्लेन संभालता है। लेकिन यहां सबसे अजीब बात यह थी कि दोनों ही पायलट प्लेन उड़ाते समय सो गए। जानकारी के अनुसार सूडान के खारतूम से इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा के लिए उड़ान भरने वाले पायलटों को नींद आ गई। चौंकाने वाली बात यह थी कि दोनों ही पायलट कुछ मिनटों के लिए ही नहीं बल्कि 25 मिनट तक सोते रहे। विमान लैंडिंग के लिए तय रनवे से काफी आगे बढ़ गया और करीब निर्धारित समय से 25 मिनट बाद उनकी नींद खुली। बोइंग 737 ऑटो पॉयलट मोड में था और वह फ्लाइट मैनेजमेंट कम्प्यूटर द्वारा सेट किए गए रूट पर उड़ रहा था। प्लेन को अदीस अबाबा एयरपोर्ट के पहले तय रनवे पर उतरना था जो वहां नहीं उतरा। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने पायलट को कॉल किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। प्लेन जब ऑटो पायलट से डिस्कनेक्ट हुआ, तब एक जोर से घंटी बजी जिसके बाद पायलटों की नींद खुली। नींद खुलने के बाद पायलटों ने दुबारा विमान मोड़ा और तय रनवे पर सेफ लैंडिंग कराई।

## द्विपक्षीय हितों का ध्यान रखते हुए भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है पाक: शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद । नवनियुक्त प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि द्विपक्षीय हितों का ध्यान रखते हुए पाकिस्तान भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंधों का हिमायती है। पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद और कश्मीर मुद्दे को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच शरीफ ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सहायक भूमिका निभाने का भी आग्रह किया। शरीफ ने पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलिया के नवनियुक्त उच्चायुक्त नील हॉकिन्स के साथ बैठक के दौरान ये विचार व्यक्त किए। शरीफ ने कहा पाकिस्तान समानता, न्याय और आपसी सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है। इस संदर्भ में, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुसार जम्मू कश्मीर विवाद का एक उचित और शांतिपूर्ण समाधान अपरिहार्य है। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संबंध में एक सहायक भूमिका निभानी होगी, क्योंकि यह दक्षिण एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि वह आतंक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त वातावरण में इस्लामाबाद के साथ सामान्य पड़ोसी संबंध चाहता है। भारत ने यह भी कहा है कि आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। अगस्त 2019 में भारत द्वारा जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा के बाद द्विपक्षीय संबंध और बिगड़ गए। भारत ने पाकिस्तान से बार-बार कहा है कि जम्मू कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा बना रहेगा। भारत ने पाकिस्तान को वास्तविकता को स्वीकार करने और भारत विरोधी दुष्प्रचार रोकने की भी नसीहत दी है।

## उकसावे की कार्रवाई से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन, ताइवान की सीमा के पास से 25 युद्धक विमानों ने उड़ान भरी

बीजिंग । चीन और ताइवान के बीच खड़ा हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताइवान ने फिर चीनी विमानों के उसकी सीमा में घुसपैठ का आरोप लगाया है। ताइवानी अधिकारियों ने दावा किया कि 51 चीनी युद्धपोतों, 6 वॉरशिप्स और 25 चीनी लड़ाकू बमवर्षक ने एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन को तोड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि इन चीनी विमानों ने देश के पूर्व इलाके के ऊपर से उड़ान भरी। ताइवान की सीमा के पास से जिन 25 युद्धक विमानों ने उड़ान भरी, उसमें 12 सुखोई एसयू-30 लड़ाकू जेट, 6 शेनयांग जे-16 लड़ाकू जेट, 4 चेंगदू जे-10 लड़ाकू जेट, 2 जियान एच-6 बमवर्षक और एक शानक्सी वॉय-8 इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान शामिल हैं। वहीं, ताइवान की ओर से इस लेकर रेडियो वार्निंग जारी की गई। साथ ही घुसपैठ पर नजर रखने के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली को अलर्ट किया गया। चीनी विमानों के घुसपैठ की यह खबर ताइवान के सैन्य अभ्यास के बीच आई है। ताइवान स्वशासित द्वीप पर चीन के राजनीतिक नियंत्रण को स्वीकार करने के लिए बीजिंग के दबाव का विरोध करता रहा है। कुछ दिनों पहले ही चीनी जहाजों और विमानों की ओर से ताइवान के समुद्री और हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई थीं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि हम ताइवान के समुद्री और हवाई क्षेत्रों के आसपास चीनी सेना के लगातार सैन्य उकसावे की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं, जो क्षेत्रीय शांति को प्रभावित करता है।



पाकिस्तान के हैदराबाद में आयी भीषण बाढ़ के बाद समूचे इलाके में पानी भर गया।

## भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास से बिफरा चीन, आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर तिब्बत में किया मिसाइल परीक्षण

**बीजिंग ।** भारत-अमेरिका के सैन्य अभ्यास से तीन की त्योरियां चढ़ गईं हैं। चीन की सेना यानी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शिनजियांग के ऊंचाई वाले इलाके में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का टेस्ट किया है। इस मिसाइल टेस्ट के दौरान चीनी सेना ने एक विमान को टार्गेट बनाकर उसे गिरा दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये मिसाइल टेस्ट शिनजियांग सैन्य कमान ने किया है, जो भारत के साथ लगी सीमा की देखरेख करती है। चीन ने ये मिसाइल टेस्ट उस दिन किया जब भारत आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा था। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि चीन के नेशनल टीवी चैनल के मुताबिक चीनी सेना ने शिनजियांग में सतह से हवा में मार करने वाली नई तरह की मिसाइल का लाइव फायर टेस्ट किया है। ये टेस्ट समुद्र तल से 4,500 मीटर की ऊंचाई पर किया गया है। लेकिन इस टेस्ट की तारीख का अपना महत्व है। ऐसा इसलिए क्योंकि जिस दिन चीन ने ये टेस्ट किया वह 15 अगस्त की तारीख थी। इस दिन जब भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा था तब चीन सीमा के करीब मिसाइल टेस्ट कर रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिलिट्री ऑब्जर्वर्स ने एक फुटेज के आधार पर इस मिसाइल को एचक्यू-17ए एयर डिफेंस सिस्टम माना है। ये मिसाइल एक एकीकृत प्रणाली का हिस्सा है, जो एक वाहन में फिट हो सकता है। माना जाता है कि इसे एक जगह से लाना ले जाना बहुत आसान है और ये बेहद सटीक है। चीन ने एक मिलिट्री ऑब्जर्वर के हवाले से लिखा, 'ये सैन्य अभ्यास चीन सीमा के पास भारत और अमेरिका के सैन्य अभ्यास के प्रतिरोध का प्रदर्शन है।'

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में बने रहने को लेकर उत्साहित हूं: ऋषि सुनक

लंदन। (एजेंसी)।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने कहा है कि वह दौड़ में बने रहने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने यह बात पार्टी के मतदाताओं के सर्वेक्षण में अपनी प्रतिद्वंद्वी लिज ट्रस से पिछड़ने के बाद कही। पूर्व वित्त मंत्री सुनक ने 'आईटीवी' चैनल को बृहस्पतिवार को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें निश्चित रूप से जीत मिलेगी। उन्होंने दोहराया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी की तत्काल कर-कटौती योजना अर्थव्यवस्था के लिए महंगी साबित होगी। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा, मैं प्रधानमंत्री पद की दौड़ में बने रहने को लेकर उत्साहित हूं, मुझे लगता है कि मेरे विचार सही हैं।




इससे पहले बृहस्पतिवार को 'स्काई न्यूज' के लिए यूजीओवी सर्वेक्षण में कहा गया है कि ट्रस ने इस दौड़ में 32 अंक की बढ़त बना रखी है। बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल के सदस्य रह चुके सुनक ने 'आईटीवी' पर व्यापक चर्चा के दौरान स्वीकार किया कि यह थोड़ा अजीब था कि जॉनसन ने पिछले महीने टोरी नेता और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने की घोषणा करने में देरी की।

उन्होंने जुलाई के अंत में 'डाउनिंग स्ट्रीट' में हुए नाटकीय घटनाक्रम की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतिम दिनों में जो कुछ हुआ वह थोड़ा अजीब था। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इसे देखने वाले लोग सोच रहे होंगे कि यह क्या हो रहा है।'' इस घटनाक्रम के बाद जॉनसन ने इस्तीफा देने की घोषणा की थी और उनकी जगह नए प्रधानमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। जॉनसन के इस्तीफे से पहले ही सुनक वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे चुके थे।

## अमेरिका में महात्मा गांधी की तोड़ी गई प्रतिमा, दो हफ्ते में होने वाली ये दूसरी घटना

न्यूयॉर्क। (एजेंसी)।

अमेरिका के न्यूयॉर्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। पिछले दो सप्ताह में इस तरह का यह दूसरा मामला है। न्यूयॉर्क के क्वीन्स काउंटी के एक हिंदू मंदिर के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसे कुछ शरारती तत्वों ने तोड़ दिया है। यह घटना 16 अगस्त की हुई।



### 6 लोगों ने तोड़ी प्रतिमा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस अधिकारी ने बताया कि 6 लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। इन लोगों ने श्री तुलसी मंदिर के बाहर एक हथौड़े से प्रतिमा को नष्ट किया और उसके चारों ओर नफरत भरे शब्दों को चित्रित किया। इससे पहले 3 अगस्त को महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ने वाले एक सफेद मर्सिडीज बेंज और एक गहरे रंग की कार में घटनास्थल से भाग गए, जो कि एक टोयोटा कैमरी हो सकती है, जिसका इस्तेमाल किराए के वाहन के रूप में किया जाता है। इस बीच न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के सदस्य जेनिफर राजकुमार ने इस घटना की निंदा की और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और उन पर मुकदमा चलाने का आह्वान किया।

## उत्तरी सीरिया के बाजार में विस्फोट, कम से कम नौ लोगों की मौत, दर्जनों घायल



सियोल(एजेंसी)।

बेरूत। उत्तरी सीरिया में तुर्की समर्थित विपक्षी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़-भाड़ वाले बाजार में शुक्रवार को एक रॉकेट हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। युद्ध पर नजर रखने वाली एक विपक्षी संस्था और एक पराचिकित्सक समूह ने यह जानकारी दी। अल-बाब में किए गए इस हमले से कुछ ही दिन पहले तुर्की के हवाई हमलों में कम से कम 11 सीरियाई सैन्य कर्मियों और अमेरिका समर्थित कुर्द लड़ाकों की मौत हो गई थी।

युद्ध पर नजर रखने वाली एक विपक्षी संस्था 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने इस गोलाबारी के लिए सीरिया सरकार के बलों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि तुर्की के हवाई हमले का प्रतिशोध लेने के लिए इसे अंजाम दिया गया। उसने कहा कि इस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए, जबकि विपक्ष नियंत्रित 'सीरियन सिविल डिफेंस' यानी 'व्हाइट हेलमेट्स' के अनुसार, बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हुई है और 28 लोग घायल हुए हैं।

इस पराचिकित्सक समूह ने कहा कि उसके सदस्यों ने कुछ घायलों और शवों को बाहर निकाला। सीरिया में किसी हमले के तत्काल बाद विभिन्न संस्थाओं द्वारा बताई गई मृतक संख्या में अंतर कोई नयी बात नहीं है। सीरिया में मार्च 2011 में शुरू हुए संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं और देश की आधी आबादी विस्थापित हो गई है।

## पाकिस्तान की सेना ने भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया: इमरान खान

इस्लामाबाद। (एजेंसी)।

पाकिस्तान की सेना की आलोचना करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेना को इतिहास में देश में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कुछ नहीं करने के वास्ते जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इस्लामाबाद में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ के नेता ने सेना के लिए 'तटस्थ' शब्द का प्रयोग किया।

उन्होंने कहा कि सेना को तटस्थ रहने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए और देश की खराब होती आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कदम उठाना चाहिए। खान ने कहा, 'मैं आज उन तटस्थ लोगों से पूछना चाहता हूं। क्या आपको पता है कि देश कहां जा रहा है? देश और अर्थव्यवस्था प्रगति कैसे कर सकते हैं जब आपको यह भी पता न हो कि अगले दो तीन महीने में क्या होगा।



## अमेरिकी वायु सेना ने कहा, अब बेरोकटोक पेंटागन जा सकते हैं भारतीय रक्षा अताशे

संयुक्त राष्ट्र। (एजेंसी)।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारतीय रक्षा अताशे अब बिना किसी रोक-टोक (अनएस्कॉर्ट) के पेंटागन जा सकते हैं। रक्षा अताशे आमतौर पर राजनयिक मिशन से संबद्ध एक सैन्य विशेषज्ञ होता है। अमेरिकी वायु सेना के सेक्रेटरी फ्रैंक केन्डाल ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोमवार को 'इंडिया हाउस' में आयोजित भोज के दौरान कहा कि इस तरह का कदम उस भरोसे और सहयोग को रेखांकित करता है जो अमेरिका और भारत के बीच हैं।

केन्डाल ने कहा कि भारतीय (रक्षा) अताशे





टीम अब बेरोकटोक पेंटागन मेंजा सकती है। यह अहम रक्षा साझेदार के तौर पर भारत के साथ हमारे संबंधों की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि अगर आपको नहीं लगता कि पेंटागन तक बिना बाधा के पहुंच बड़ी बात है तो बता दूं कि मैं पेंटागन में अनुरक्षक (एस्कॉर्ट) के बिना नहीं जा सकता। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में जाने की अनुमति पाना बेहद मुश्किल काम माना जाता है। यहां तक की अमेरिकी नागरिक भी उच्च स्तरीय सुरक्षा मंजूरी के बिना वहां नहीं जा सकते।

केन्डाल ओबामा प्रशासन के दौरान भारतीय मुद्दों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि तभी से यह इच्छा थी कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में संबंध मजबूत हों। उन्होंने कहा कि भारत वह देश है जिसके साथ हम किसी अन्य देश की तुलना में ज्यादा अभ्यास करते हैं। हमारे दीर्घकालिक करीबी संबंध हैं और हम इसे बनाने तथा मजबूत करने में सफल रहे हैं....। केन्डाल ने कहा कि 'द डिफेंस ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी' संबंधी पहल मजबूत हुई है।

# संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख और तुर्की के राष्ट्रपति ने की वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात

ल्वीव (यूक्रेन)। (एजेंसी)।

यूक्रेन में करीब छह महीने से जारी युद्ध को रोकने के मकसद से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी इस संबंध चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर जिन भी मुद्दों पर चर्चा की गई उन पर क्रेमलिन की रजामंदी जरूरी है।

रूस के यहां सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बाद एर्दोआन पहली बार यूक्रेन यात्रा पर पहुंचे हैं और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस दूसरी बार। इस यात्रा से युद्ध रोकने के संबंध में, समग्र शांति की नहीं तो कम से कम विशिष्ट मुद्दों पर कुछ सफलता मिलने की उम्मीद थी... हालांकि अभी तक ऐसा कुछ होता नजर नहीं आ रहा। यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव में आयोजित एक बैठक में नेताओं ने युद्ध के कैदियों के आदान-प्रदान पर और यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सुरक्षित बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के परमाणु ऊर्जा विशेषज्ञों की यात्रा की व्यवस्था करने को लेकर चर्चा की।

एर्दोआन ने कई बार युद्ध रोकने की दिशा में प्रयास किया है। तुर्की उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य है, जिसकी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था व्यापार के लिए रूस पर निर्भर है और उसने दोनों देशों के बीच एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश की है। तुर्की के राष्ट्रपति ने बैठक के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से युद्ध को समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। रूस के फरवरी में यूक्रेन पर हमला करने के बाद से हजारों लोग मारे गए हैं, जबकि एक करोड़ से अधिक यूक्रेनवासियों को अपने घर छोड़ने पड़े। एर्दोआन ने एक बार फिर दोहराया कि तुर्की एक ''मध्यस्थ और सूत्रधार'' की भूमिका निभाने को तैयार है।

उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि युद्ध बातचीत के जरिए ही समाप्त किया जा सकता है।'' तुर्की ने मार्च में इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच वार्ता की मेजबानी की थी, हालांकि युद्ध रोकने के लिए उसमें कोई सफलता हासिल नहीं हो पाई थी। इस बीच, यूक्रेन के अधिकारियों ने



बृहस्पतिवार को बताया कि यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र पर रूसी मिसाइल हमलों में रात भर में कम से कम 17 लोगों की जान चली गई। वहीं, रूस की सेना ने दावा किया कि उसने खारकीव में विदेशी सैनिकों के एक अड्डे पर हमला किया, जिसमें 90 लोग मारे गए। यूक्रेन की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सीमावर्ती राज्यों की आबादी में हो रहे परिवर्तन, अमित शाह ने किया आगाह, बोले- रखें नजर

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार में गृह मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती राज्यों के बॉर्डर इलाकों में हो रहे जनसंख्या परिवर्तन को लेकर चिंता जताई है और इस पर नजर रखने की जरूरत बताई है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) सम्मेलन, 2022 को संबोधित करते हुए शाह ने गुरुवार को यह अलर्ट दिया। उन्होंने कहा कि यह पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्य में, खासकर सीमावर्ती जिलों में सभी तरह की तकनीकी और रणनीतिक जानकारी हासिल करें। देश के पुलिस बलों के शीर्ष अधिकारी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। शाह ने कहा कि सीमावर्ती राज्यों के डीजीपी को सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों पर नजर रखनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद से न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा पर जोर दिया है, बल्कि चुनौतियों का सामना करने के लिए तंत्र को भी मजबूत किया है। अमित शाह ने कहा कि राज्यों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। शाह ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा के मामले में सरकार को बड़ी सफलताएं हासिल हुई हैं, जिसमें जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और नॉर्थ-ईस्ट में उग्रवादी गुटों से डील करना शामिल है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने ऐसी कई योजनाएं लागू की हैं जिनसे राज्यों के साथ संवाद बढ़ा है। साथ ही बजटीय आवंटन बढ़ाया गया है और तकनीक के अधिकतम इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'पीएम मोदी 2014 से डीजीपी कॉन्फ्रेंस के नेचर में बदलाव लेकर आए हैं। हम यह देखते हैं कि इन बैठकों में कई समस्याओं का समाधान हासिल होता है। देश में पहली बार राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएफआईएस) के रूप में एक प्रणाली विकसित की गई है और इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है।'



# जम्मू-कश्मीर- गिरफ्तार लश्कर आतंकी की हार्ट अटैक से मौत

**श्रीनगर ।**

कश्मीर घाटी में एक आतंकी की दिल का दौरा पड़ने से मौत की खबर है। कठुआ जिले के हीरानगर निवासी मुनि मोहम्मद को जम्मू कश्मीर पुलिस ने गत 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। वह लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर फैजल मुनीर का साथी था। पुलिस ने फैजल मुनीर के साथ ही इसे गिरफ्तार किया था। मुनि मोहम्मद के कब्जे से स्टिकी बम, पिस्टल और एके-47 बरामद हुई थी। एनआईए ने कल मुनि मोहम्मद के हीरानगर में स्थित घर पर रेड भी की थी और कुछ दस्तावेज बरामद किए थे।

कल शाम को उसकी तबीयत बिगड़नी शुरू हुई तो उसे मेडिकल कॉलेज जम्मू पहुंचाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी सीमा पार से ड्रोन के जरिए हथियार एलओसी तक पहुंचाते थे। फैजल मुनीर और उसके साथी, जिनमें मुनि मोहम्मद भी शामिल था, इन हथियारों को कश्मीर घाटी में पहुंचाते थे। उसी सिलसिले में पुलिस ने इन लोगों को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था और कल एनआईए की रेड के बाद इनसे लगातार पूछताछ भी की जा रही थी। आपको बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश के 5 जिलों में फैले 8 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें जम्मू संभाग में 4 और कश्मीर में एक शामिल है। पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार गिराए जाने और जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल के लिए इन हथियारों के परिवहन के संबंध में कठुआ जिले में 4 स्थानों और जम्मू, सांबा और डोडा जिलों और कश्मीर में श्रीनगर में एक। स्थान पर छापे मारे गए। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज, मोबाइल फोन सहित उपकरण और अन्य सामान जब्त किया गया है। एनआईए ने जम्मू जिले के तालाब खटिकन में एक शीर्ष आतंकवादी फैसल मुनीर, श्रीनगर के अतिया मेहनाज, सांबा जिले के गांव कैंक में हाजी शेरू, भल्ला में मुजाहिद हुसैन शेख, डोडा जिले के भद्रवाह और हरिया चक में हबीब के घर पर छापेमारी की। कठुआ जिले के मावा में हबीबुल्लाह, राजबाग में मियां सोहेल और मरहीन में मुनि मोहम्मद के यहां भी एनआईए न छापेमारी की। छापेमारी पूरे दिन चली और इसका उद्देश्य



पाकिस्तान की सेना, इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादियों द्वारा जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा (एलओसी) पर हथियार गिराने के लिए ड्रोन के अत्यधिक उपयोग के बारे में विवरण और दस्तावेजों का पता लगाना था। पिछले महीने, पुलिस ने कुल 7 आतंकवादियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला। बारूद और विस्फोटक, जिनमें स्टिकी बम, आईईडी और नकदी शामिल थी, बरामद किए थे। ये आतंकी दो मॉड्यूल का हिस्सा थे। एक जम्मू में और दूसरा राजौरी में सक्रिय था।

## बिहार कांग्रेस राहुल को ही मानती है पीएम उम्मीदवार

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर अटकलें जारी हैं। इसी बीच महागठबंधन के साथी कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ही उनके लिए उम्मीवार होंगे। कुमार ने नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस से अलग होने के बाद कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के साथ महागठबंधन की सरकार बनाई थी। राज्य सरकार को वाम दलों का भी समर्थन हासिल है। गुरुवार को झा ने कहा, 'हम मानते हैं कि जब तक वह (राहुल गांधी) किसी को आगे नहीं कर देते, वह ही उम्मीदवार रहेंगे। दलों के नेता और कार्यकर्ता आशावादी दावे करते हैं और कुछ लोग तो अपने नेताओं के पक्ष में नारे भी लगाते हैं लेकिन। नीतीश कुमार ने कभी भी प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की इच्छा जाहिर नहीं की।' इधर, जनता दल यूनाइटेड के नेता उपेंद्र कुशवाहा का कहना है कि भले ही उन्होंने कभी इन महत्वकांक्षाओं को लेकर बात नहीं हो, लेकिन कुमार में पीएम बनने की सारी योग्यताएं हैं। हालांकि, राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कुमार की पीएम पद के लिए उम्मीदवारी पर कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने इस मुद्दे को सीएम पर ही छोड़ दिया है। हाल ही में बिहार में कैबिनेट विस्तार हुआ है। राज्य में 33 मंत्रियों ने शपथ ली। अब आंकड़े बताते हैं कि बिहार में 72 फीसदी मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, इनमें से 17 मंत्रियों के खिलाफ गंभीर केस दर्ज हैं। दलों के हिसाब से देखें तो सबसे ज्यादा राजद में 88 फीसदी, जदयू में 63.63 फीसदी, कांग्रेस के 50 फीसदी मंत्री आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

## जामनगर में मुकेश अंबानी का निजी चिड़ियाघर खोलने का रास्ता साफ, सुप्रीम कोर्ट ने दी परमिशन

**नई दिल्ली ।**

सुप्रीम कोर्ट ने जामनगर के 'ग्रीन जूलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलेशन सेंटर के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका अधिवक्ता कन्हैया कुमार ने दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इसमें कोई विवाद नहीं है, कि ग्रीन जूलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलेशन सेंटर एक चिड़ियाघर और पंजीकृत संरक्षण केंद्र है। उस विदेश से जानवरों को लाकर यहां रखने की अनुमति देने में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने किसी तरह की कोई कानूनी गलती नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ऐसा नहीं लगता कि याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दाखिल करने से पहले पर्याप्त रिसर्च की है। याचिकाकर्ता को फटकार लगाकर शीर्ष अदालत ने कहा कि वह खुद भी इस फील्ड के विशेषज्ञ नहीं हैं और उन्होंने सिर्फ न्यूज रिपोर्ट के आधार पर याचिका दाखिल कर दी। न्यूज रिपोर्ट भी किसी विशेषज्ञ ने तैयार नहीं की है। सभी तथ्यों को देखकर यह नहीं कहा जा सकता है कि इसमें किसी तरह का गैर कानूनी काम हुआ है। इस याचिका को खारिज किया जाता है। मामले में अदालत को दखल देने का कोई आधार नहीं है। याचिका में कहा गया था कि ग्रीन जूलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलेशन सेंटर एक निजी संस्थान है और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने उस विदेश और स्वदेश से जानवरों को लाने की अनुमति दे दी। वह जामनगर में निजी चिड़ियाघर खोलना चाहते हैं। ग्रीन जूलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलेशन सेंटर ने याचिका के विरोध में दाखिल हलफनामे में कहा था कि याचिकाकर्ता ने सुनी सुनाई बातों को आधार बनाकर यह याचिका दाखिल की है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने तमाम तथ्यों पर विचार करने के बाद ही उन्हें अनुमति दी थी। यहां तमाम जानवरों के इलाज के लिए विस्तृत इंतजाम किया गया है।

## सीबीआई छापे के बाद मनीष सिसोदिया के समर्थन में उतरे केजरीवाल, भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के यहां केंद्रीय केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम शुक्रवार सुबह आवास पर पहुंची और इनके घर पर छापेमारी की। छापेमारी को लेकर अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने डिप्टी मनीष सिसोदिया को अपना समर्थन दिया। सीएम केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, %जिस दिन दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफ हुई और मनीष सिसोदिया की तस्वीर अमेरिका के सबसे बड़े अखबार के पहले पन्ने पर छपी, उसी दिन केंद्र ने सीबीआई को उनके घर भेज दिया। केजरीवाल ने कहा, %सीबीआई आपका स्वागत है। पूरा सहयोग करेंगे। पूर्व में भी कई परीक्षण/छापे हो चुके हैं। कुछ नहीं निकला। अब भी कुछ नहीं निकलेगा।÷ आबकारी नीति विवाद के सिलसिले में सीबीआई ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर छापा मारा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 20 स्थानों पर भी तलाशी ली जा रही है। इस बीच मनीष सिसोदिया ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए ट्वीट किया है और कहा है कि वह जांच में सहयोग करेंगे। सिसोदिया ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में प्रदर्शन करने वालों को इस तरह परेशान किया जाता है। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल के निशाने पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने करारा जबाव दिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री के आवास पर सीबीआई के छापे पर कहा कि भ्रष्ट व्यक्ति स्वयं को बेकसूर साबित करने के लिए कितनी भी कोशिश कर ले, वह भ्रष्ट ही रहेगा। आप द्वारा भ्रष्टाचार का यह पहला मामला नहीं है। दिल्ली में शराब की दुकानों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। 1 सितंबर से दिल्ली छह महीने के लिए पुरानी आबकारी व्यवस्था में वापस आ जाएगी।

## पाक ड्रोन से गिराए गए हथियारों की खोज में एनआईए ने कश्मीर के पांच जिलों में शुरू किया तलाशी अभियान

**कठुआ।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा हथियार गिराए जाने के संबंध में अपनी जांच के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में तलाशी अभियान चलाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'द रेसिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) द्वारा हथियारों, गोला-बारूद की खेप गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किए जाने से संबंधित मामले में जम्मू, श्रीनगर, कठुआ, सांबा और डोडा जिलों में आठ स्थानों पर तलाशी ली गई। टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि टीआरएफ के आतंकी पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। एनआईए ने कहा आज ली गई तलाशी में विभिन्न आपत्तिजनक सामग्री, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि यह मामला पहले 29 मई को कठुआ के राजबाग पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था जबकि एनआईए ने 30 जुलाई को फिर से मामला दर्ज किया था।

## भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में 11 नाइजीरियाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** द्वारका पुलिस ने जिले के मोहन गार्डन इलाके में अवैध रूप से रह रहे 11 नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। द्वारका पुलिस एटीएस और एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीमों ने संयुक्त रूप से इन लोगों की गिरफ्तारी की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि टीम भारत में अवैध रूप से रह रहे लोगों की तलाश में नियुक्त की गई थी। जब इसे नाइजीरियाई लोगों की जानकारी मिली, तो वह उन्हें पकड़ने के लिए हरकत में आया, जो इलाके में रह रहे थे और घूम रहे थे। टीमों ने 11 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। ये लोग वीजा की समाप्ति के बाद भी यहां रह रहे थे। द्वारका के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने कहा वे वैध वीजा के बिना भारत में रुके हुए पाए गए। उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उनके निर्वासन का आदेश दिया। तदनुसार, उन्हें हिरासत केंद्र में भेज दिया गया है।

## कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली अब 4 सितंबर को

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने कहा कि कोविड-19 की मौजूदा स्थिति को देखते हुए महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर 28 अगस्त को उसकी प्रस्तावित महंगाई पर हल्ला बोल रैली अब चार सितंबर को होगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया` कि कोविड-19 के मौजूदा हालात को देखते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा 28 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महंगाई पर हल्ला बोल रैली की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। अब यह रैली 4 सितंबर को होगी। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से असंवेदनशील नरेंद्र मोदी सरकार को जोरदार संदेश दिया जाएगा! यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होनी है जिसे राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों ने महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ पार्टी के अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

# जयपुर में आज भाजपा का जंगी प्रदर्शन होगा : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर ।**

राजस्थान की गहलोत सरकार के खिलाफ भाजपा आज राजधानी जयपुर में जंगी प्रदर्शन करेगी। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कही। पूनिया ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर आप सब जानते हैं कि लोकतंत्र को कायम रखने में किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार में अपराध पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना, यह बहुत ही महत्वपूर्ण कारक होता है। डॉ. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के अपने घोषणापत्र में इस बात का भरोसा दिलाया था कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे, पुलिस को आधुनिक बनाएंगे, संसाधनों से युक्त करेंगे और अपराधों पर नियंत्रण करेंगे, किसी भी प्रदेश की कानून व्यवस्था उसके महत्वपूर्ण कारकों में इसलिए होती है कि शांति व्यवस्था से लेकर सद्भाव से लेकर उसकी आर्थिक तरक्की से भी इसका संबंध होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान ऐसा प्रदेश है कि जिसकी भारत में अभी तक एक छाप रही, छवि रही, साख रही है कि राजस्थान एक शांतिपूर्ण प्रदेश है, यहां सद्भाव भी रहा है और यहां दुनिया से भारत में आने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान आता है, पर्यटन का राजस्थान की आर्थिक तरक्की में बहुत बड़ा योगदान है। पिछले दिनों उदयपुर में एक घटना घटित हुई जिसमें कन्हैयालाल का जिस तरीके से सर कलम किया गया, उसके तत्काल बाद उदयपुर के पर्यटन व्यवसाय की सारी बुकिंग निरस्त हो गई, उस घटना से वहां के लोग इतने आहत और भयभीत हुए कि जितने विदेशी और देशी पर्यटक आते थे, उदयपुर एक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हुआ और लाखों लोगों को रोजगार देता है। इस घटना के बाद उदयपुर का पर्यटन व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ, लोगों के रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिनके सामने आजीविका का संकट भी पैदा हुआ है।

प्रदेश की कानून व्यवस्था की पृष्ठभूमि के बारे में इसलिए बात की कि आपने एक वीडियो देखा है जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुजरात में प्रेस को संबोधित कर रहे थे तो इस दौरान जब एक पत्रकार ने उनसे सवाल पूछा तो वह जमवारामगढ़ की महिला टीचर को जलाने की घटना से अनभिज्ञ थे, उनको उनके सहयोगी ने बताया कि जमवारामगढ़ में इस तरीके की घटना हो गई, उन्होंने जयपुर की घटना का भी जिक्र किया कि जयपुर में एक साधु ने आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की, यह एक बानगी है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री जो गृहमंत्री भी हैं, प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली घटनाओं पर कितने संवेदनहीन हैं और कितने अनभिज्ञ हैं। ऐसी घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है, यह तकलीफ भी है, राजस्थान का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार को साढे तीन सालों में कोई पूर्णकालिक गृहमंत्री मिला ही नहीं।

मुख्यमंत्री यदि परफॉर्म करते तो भी शिकायत नहीं होती, लेकिन हालातों से ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को राजस्थान की जनता की जनसुरक्षा से कोई सरोकार नहीं है, मुख्यमंत्री को कोई सरोकार है तो अपनी कुर्सी से है, कुर्सी की सुरक्षा उनके लिए जनसुरक्षा से बड़ी है। कालांतर में जितनी घटनाएं हुई, उसकी पृष्ठभूमि में लगातार ऐसी फेहरिस्त है कि एक के बाद एक, लोगों के बीच में अविश्वास पैदा किया, भरोसा खत्म कर दिया, ऐसा लगता है कि धीरे-धीरे जिस तरीके से राजस्थान में घटनाक्रम हुए हैं, अपराधों की राजधानी हो गया हो।

## संक्षिप्त समाचार



### पंजाबः सब इंस्पेक्टर के वाहन में बम लगाने के मामले में सीमा पार से जुड़े हैं आतंकी तार

**चंडीगढ़ ।**

स्वर्णनगरी के नाम ख्यात अमृतसर में पुलिस सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह के वाहन में बम लगाने के मामले में आतंकी साजिश की बू आ रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी रिन्दा और लखबीर सिंह रोडे की साजिश के तहत इस पूरी वारदात को अंजाम देना था। जिसके लिए हरपाल और फतेह को कहा गया था। जानकारी के मुताबिक रिन्दा ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए विस्फोटक मुहैया करवाए। वहीं कनाडा में बैठे लखबीर सिंह रोडे ने दोनों को पैसे का लालच देकर यह काम करवाया था। इन दोनों से इन दोनों से पूछताछ में सामने आया है कि दोनों सगे रिश्तेदार हैं। इनका कई सालों से पाकिस्तान में बैठे रिंदा और लखबीर सिंह रोडे के साथ संपर्क है। ये दोनों पहले से ही कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। ये दोनों अमृतसर के बॉर्डर एरिया के पास के रहने वाले हैं। तो तस्करी के मामलों में भी इनकी भागीदारी अब सामने आ रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो रिंदा ने पहले भी ऐसे ही कई बार तस्करी करवाई है। गौरतलब है कि पुलिस ने सब इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह की कार के नीचे बम लगाने की घटना को पहले ही आतंकवादी घटना बता दिया है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि इस घटना को अंजाम देने के लिए विदेश में बैठे किसी आतंकी ने कोशिश की है। पंजाब पुलिस के आला अधिकारियों ने कहा कि पंजाब में मिले आईईडी पाकिस्तान से आए हैं। दिलबाग सिंह की बोलेरो गाड़ी के नीचे दो किलो आरडीएक्स लगाकर उड़ाने की साजिश रची गई थी। पुलिस सब-इंस्पेक्टर दिलबाग सिंह आतंकवाद के दौरान काफी सक्रिय थे। पुलिस का कहना है कि सब इंस्पेक्टर की गाड़ी में लगाया गया बम किसी बड़ी साजिश का संकेत है।

### कारगिल में फंसा इटैलियन पर्वतारोही, बचाव के लिए आगे आई वायुसेना

**नई दिल्ली ।**

भारतीय वायु सेना ने कारगिल के दुर्गम इलाके में फंसे इतालवी पर्वतारोही को बचाने के लिए एक चीतल हेलीकॉप्टर को मौके पर भेजा है। फिलहाल कारगिल सेक्टर में बचाव अभियान जारी है। वायु सेना ने इतालवी पर्वतारोही को बचाने के लिए शुक्रवार को एक चीतल हेलीकॉप्टर भेजा। इतालवी पर्वतारोही कारगिल सेक्टर में एक पर्वत की दुर्गम चोटी पर फंस गया है। एक खबर के मुताबिक बचाव अभियान के लिए सभी जरूरी साजो-सामान तैनात किया गया है। इनदिनों इटैलियन पर्वतारोही को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। दुर्गम इलाके के कारण बचाव के काम में कुछ समय लगने की उम्मीद है। इस बारे में ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। एयरफोर्स का चीतल हेलीकॉप्टर पहले के चीता हेलीकॉप्टर का ही नया संस्करण है। इसमें ज्यादा ताकतवर इंजन लगाया गया है. इस परियोजना को 2002 के दौरान शुरू किया गया था। चीतल हेलीकॉप्टर को बनाने का उद्देश्य ज्यादा ऊंचाई वाली जगहों पर संचालन क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षित और भरोसेमंद उड़ानों को तय करना था।

### दो बच्चियों की किडनैपिंग, एक सकुशल मिली, दूसरी शव जंगल से मिला

**गाजियाबाद ।**

यूपी के गाजियाबाद में दो बच्चियों की किडनैपिंग का हैरान करने वाला मामला सामने आया है।मोदीनगर के रोरी गांव से दो बच्चियों का अपहरण हो गया था, जिसमें से एक बच्ची को पुलिस ने देर रात सकुशल बरामद कर लिया, मगर एक बच्ची का शव सुबह जंगल में मिला। पुलिस की मानें तब बच्ची की हत्या गला दबाकर की गई है। दरअसल, रोरी गांव में गुरुवार रात आपस में सहेली दो बच्चियां गली के बाहर खेल रही थीं। इसमें एक की उम्र 6 साल व दूसरी की उम्र नौ साल है। खेलते-खेलते दोनों बच्चियां अचानक लापता हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही युवक ने उन बच्चियों का अपहरण किया। बच्चियों के ना मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बच्चियों के अपहरण की सूचना मिलने पर गाजियाबाद के एसएसपी मुनिराज और एसपी ग्रामीण डॉक्टर ईरज राजा चार थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सर्च आपरेशन के दौरान देर रात 6 वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया, जबकि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे नौ वर्षीय दूसरी बच्ची का शव पास के ही जंगल में मिला। शव के गले पर निशान मिले हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की भेज दिया है। वहीं, आरोपी को भी पुलिस ने जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, आशंका हैं कि आरोपी ने बच्ची की रेप के बाद हत्या कर शव जंगल में फेंका होगा।

### जांच एजेंसियों के निरंतर दुरुपयोग से घटी उनकी विश्वसनीयता : कांग्रेस

**नई दिल्ली ।** मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के इस दौर में केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रियता पर कांग्रेस आरोप लगाया है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ संघीय एजेंसियों के 'निरंतर दुरुपयोग' से उनकी विश्वसनीयता कम होती है और इससे भ्रष्टाचारियों को बच निकलने का अवसर भी मिलता है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी के कुछ ही देर बाद कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इस प्रकार की प्रक्रियाओं में कीमत ईमानदार व्यक्ति को चुकानी पड़ती है। खेड़ा ने ट्वीट किया, 'एजेंसी के निरंतर दुरुपयोग का एक बड़ा नुकसान यह भी होता है कि जब एजेंसी सही काम भी करती है, तब भी उसके कदम को शक की दृष्टि से देखा जाता है। ऐसे में, भ्रष्ट लोग दुरुपयोग की दुहाई देकर बच निकलते हैं और जो ईमानदारी से जनता के मुद्दे उठाते हैं, वो दुरुपयोग का शिकार होते रहते हैं।' सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सिसोदिया और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी आरव गोपी कृष्ण के परिसरों के अलावा 19 स्थानों पर शुक्रवार को छापा मारा।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

भूपेंद्र पटेल ने द्वारकाधीश के दर्शन-अर्चन के साथ पादुका पूजन भी किया

# मुख्यमंत्री जन्माष्टमी पर भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर धन्यता की अनुभूति की

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

देवभूमि द्वारका,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को



जन्माष्टमी के पर्व पर देवभूमि द्वारका ज़िला स्थित भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर धन्यता की अनुभूति की। पटेल ने द्वारका मंदिर के पुजारियों द्वारा शास्त्रोक्तविधि से किए जा रहे मंत्रोच्चा के बीच भगवान द्वारकाधीश के दर्शन-अर्चन के साथ पादुका पूजन भी किया। मुख्यमंत्री आहिर समाज कान्हा विचार मंच द्वारा आयोजित शोभायात्रा में भी सहभागी हुए। द्वारकाधीश मंदिर में महानुभावों तथा सांसद श्रीमती पूनमबेन माडम के करकमलों से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को भगवान द्वारकाधीश की मूर्ति तथा मंदिर की प्रतिकृति अर्पित की व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सड़क एवं भवन, परिवहन, नागरिक उड्डयन तथा पर्यटन एवं यात्राधाम विकास विभाग के केबिनेट मंत्री पूर्णेश मोदी, पूर्व मंत्री मुळू बेरा, ज़िला कलेक्टर एम. ए. पंड्या, ज़िला पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) नीतेश पांडेय, ज़िला विकास अधिकारी (डीडीओ) डी. जे. जाडेजा, द्वारका नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिबेन सामाणी, संगठन के पाला करमूर, शैलेष कणजारिया, युवराजसिंह वाढेर सहित पदाधिकारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण की भांति पीएम मोदी ने कभी परिवारवाद को महत्व नहीं दिया : वजुभाई वाला

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

राजकोट,कर्णाटक के पूर्व राज्यपाल वजुभाई वाला ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। वाला ने पीएम मोदी के जीवन की तुलना भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से तुलना की। वजुभाई वाला राजकोट में धर्मसभा में बोल रहे थे। जन्माष्टमी के अवसर पर राजकोट के मवडी से शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 150 जितने फ्लोट्स शामिल हुए। शोभायात्रा से पहले धर्मसभा हुई। धर्मसभा को संबोधितकरते हुए वजुभाई वाला ने गीता और कर्म की बातें की और पीएम मोदी के जीवन की तुलना भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी भगवान श्रीकृष्ण जैसे हैं। नरेन्द्र मोदी ने कभी भगवान श्रीकृष्ण की भांति परिवारवाद को महत्व नहीं दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने



भी धर्म के लिए अपने मामा कंस का वध किया था। पीएम मोदी ने 15 अगस्त को कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ लड़ना है। भगवान श्रीकृष्ण भी अधर्म के खिलाफ लड़े थे, उसी प्रकार परिवारवाद के विरुद्ध भी संघर्ष किया था। आज पीएम मोदी भी अधर्म, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित धर्मसभा में वाला ने कहा कि गुजरात में भाजपा के लिए 182 सीटें जीतना मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। अगर किसी कार्य के लिए मेहनत की जाए तो अपेक्षित परिणाम हासिल किया जा सकता है। गुजरात में तीसरे राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी पर प्रहार करते हुए वजुभाई वाला ने कहा कि तीसरा, चौथा या पांचवां राजनीतिक दल आ जाए जीत तो भाजपा की ही होगी।

# सूरत भागल पर दहीहंडी कार्यक्रम













# सूरत के महिधरपुरा थाने का सिपाही शराब मामले में नाम नहीं बताने पर 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत के महिधरपुरा थाने का एक सिपाही 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर सिपाही को रिश्वत लेते पकड़ा। शराब मामले में नाम उजागर नहीं करने पर रिश्वत मांगी गई थी। अब एसीबी ने कांस्टेबल को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की है।

महिधरपुरा पुलिस ने कुछ दिन पहले महिला के खिलाफ शराब का मामला दर्ज कर 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। इस मामले में महिधरपुरा थाने के आरक्षक जिग्नेशभाई दलजीभाई पंतरोड ने एक



व्यक्ति को फोन किया और इस मामले में आपका नाम सामने आ गया. कहा गया कि अगर मामले में नाम का खुलासा नहीं किया गया तो 50 हजार रुपये देने होंगे. हालांकि, रकजाक के अंत में 30 हजार लेने का फैसला किया गया।

इस मामले में रंगेहाथ एसीबी में शिकायत दर्ज कराई गई जिसमें एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर कांस्टेबल को दिल्लीगेट पुलिस चौकी के बगल में करमफुट होटल के पार्किंग स्थल से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया. एसीबी की टीम ने कांस्टेबल को गिरफ्तार कर मामले की आगे की जांच की।

# नडियाद के निकट टैंकर के पीछे घुसी कार, ढाई साल के बच्ची समेत 4 लोगों की मौके पर मौत

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

खेडा,अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर नडियाद के निकट ऑवरटेक के प्रयास में एक कार साइड में खड़े टैंकर के पीछे घुस गई। इस हादसे में ढाई साल के बच्ची समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नडियाद के अस्पताल भेज आगे की कार्यवाही शुरू की। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद के वटवा निवासी परिवार का बेटा भरूच में एक दुर्घटना में घायल हो गया था। जिससे मिलने परिवार की सास, बहु और ढाई साल के बेटी समेत अन्य एक व्यक्ति कार में भरूच के लिए रवाना हुए थे। कार अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर भरूच की ओर सरपट दौड़ी चली जा रही थी। रास्ते में खेडा जिले के नडियाद के निकट ऑवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार कर सड़क किनारे खड़े टैंकर के पीछे जा घुसी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार ढाई साल की बच्ची समेत सभी चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी के शवों को नडियाद के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्यवाही शुर कर





